श्रीनाथजी ।
श्रीनृत्यगोपालो जयतितराम् ।
महाराज श्रीनागरीदासजी कृत—
नागरसमुच्चय.
पंडित श्रीधर शिवलालजी
'ज्ञानसागर' छापखाना—(मुंबई)

॥ दोहा ॥

या बोलनकै रस बसे। याहीमें दिन रात
डोलैं डुलैं न और दिश। नागर पद जिहिं भात ॥१॥

रिझवारनके बश सदा। रिझवार सिरदार
बात रिझ हारेन पैं। रिझ हार है हार ॥ २ ॥

श्रीनाथजी.

श्रीनृत्यगोपालो जयतितराम् ।

श्रीकृष्णगढाधीश श्रीमन्महाराजाधिराज महाराजा जी श्री श्री श्री १०८ श्री श्री सावन्तसिंहजी द्वितियहरिसंबंधनाम नागरीदासजीकृत

# नागरसमुच्चयः

जिस्कों

श्रीमन्महाराजाधिराज श्री श्री श्री १०८ श्री श्री शार्दूलसिंहजी महाराज जी. सी. आई. ई. कृष्णगढाधिपतिके आज्ञानुसार

## मुंबईमें.

पं० श्रीधर शिवलालजीनें अपने स्वकीय

## ज्ञानसागर

छापाखानामें छापके प्रसिद्ध किया.

सन १८९८ संवत् ११५५ चैत्रशुक्क १.

श्रीनाथजी

# अर्पणपत्रिका.

श्रीमान् क्षत्रियकुल तिलक, राठोर वंशावतंस, वीर पुंगव महाराजाधिराज, गोब्राह्मण प्रतिपालक श्री श्री श्री १०८ श्री श्री शार्दूल सिंहजी महाराज जी. सी. आई. ई. धीर वीर चिर प्रतापी सदा समरविजयी कृष्णगढाधीश तथा श्रीमानके लघु भ्राता श्रीमान दीक्षितादि पदवी प्राप्त श्रीयुत महाराजाधिराज श्री श्री श्री १०८ श्री श्री जवानसिंहजी महोदयकी सेवामें श्रीयुतकी गुणग्राहकता, परोपकार, स्वधर्म परायणता, प्रजापालनता, प्रभृति अनेक सद्गुणोंके तथा श्री महाराज के यहां विद्या ओर लक्ष्मी सदैव निवास करतीहै जिन्होंके पूर्वज श्रीयुत् महाराजाधिराज नागरीदासजी कृत नागर समुच्चयको श्रीमहाराज के आज्ञानुसार छापके नम्रता पूर्वक अर्पण करताहूं

महाराजकी प्रजामेंसे एक राज्यभक्त,

पं० श्रीधरात्मज किसनलाल गौड

श्रीनाथजी.

# भूमिका.

उस सर्व शक्तिमान् जगदीश्वर करुणा वरुणालय श्रीकृष्ण चंद्र आनन्द कन्द विविधगुण विशिष्टको कोटिशः धन्यवादहै जिसके कृपासागरके एक विंदुमात्रपर प्राणीमात्रका कल्याण निर्भरहै. उसी कृपा समूहके आधारपर अवलंवन कर सृष्टिके आरंभसे लेकर आज तकमें अनेक भगवद्भक्त इस असार संसारमें जन्म ग्रहणकर अपने सुललित उपदेशों और अपने सद्गुणोंसे प्राणीमात्रका उपकार करगये हैं. यों तो कृष्ण गढका राज्य वंश आरंभसे लेकर आज तक प्रजा पालनादि सद्गुणोंमें और न्याय परायणता तथाच दया धर्म में विख्यात हो गया और होते जाता हैं पर जिसकी समता इस समयभी अन्य राज्य वंशोंमेंसे कोई भगवद्भक्ति नहीं कर सकता परंतु अहाहा ! इस ग्रंथके रचयिता श्रीमान् महाराजा धिराज सावन्तसिंहजी द्वितिय हरिसंवंध नाम नागरीदासजी महाराज महोदयकी अपूर्व भक्तिका तो कहना ही क्याहै !! जिन्होंने केवल ईश्वर भक्तिके लिये राज्यको छोड संसारसे विरक्त हो श्रीवृंदावन धाममें वास कर अपनेको इस घोर कलिकालमें एक उदाहरण वनादिया. ऐसे महात्माका जीवन चरित्र और उनकी कतिपय कविताओंका संग्रह प्रिय हिन्दी रसिकोंके समक्ष रखना कितना आवश्यक है इस बातका विचार प्रिय पाठकों को ही करना चाहिये. उन भगवद्भक्ति परायण महानु भावके जीवन चरित्रसे शिक्षा प्राप्त करने और उनके सदुपदेशोंसे अपने चारित्रका संशोधन करनेके लिये यह पुस्तक एक उत्तम मार्गहै. ऐसे अलभ्य रत्नों का संग्रह करनाभी मेर जैसे तुच्छ मनुष्यके लिये महाकाठिन था परंतु

धन्यहै श्रीमान् महाराजाधिराज श्री श्री श्री १०८श्री श्रीशार्दूल सिंहजी महाराज जी: सी. आइ. ई. धीर वीर चिर प्रतापी कृष्ण गढाधीश एवं उनके लघु भ्राता श्रीयुत श्रीश्रीश्री १०८श्रीश्री दीक्षितजी महाराज श्री जवान सिंहजीको सो जिनकी कृपासे मुझको यह बहु मुल्यरत्न आज पाठकोंके दृष्टि गोचर करनेके लिये प्राप्त हुवाहै. इस वातसे उक्त श्री-मानोंनें हिन्दी रसिकोंके लाभ एवं मनोरंजनके लिये मुझको इस पुस्त-कके छापनेकी आज्ञा देनेके सिवाय धनसंबंधी सहायता देकर प्रथम आवृत्तिके लिये इसका मूल्य केवल, दो (२) रुपैये अंदाजन रखनेकी आज्ञा दी है. क्योंकि भाग्यवान तो चाहेसो द्रव्य खर्चके ले सक्ता है परंतु साधु माहात्मा या साधारण को कष्ट न होनेके लिये.

यदि हिन्दीके रसिक जन इसको आश्रय देकर कुछभी लाभ उठावैंगे तो मैं अपनेको कृतार्थ समझूंगा.

| मुंबई<br>श्री ज्ञानसागर यंत्रालय<br>चैत्रशुक्ल१ ॥ संवत् १९५५ | कृष्णगढकी प्रजोंमे से<br>राज्यभक्त<br>और हिन्दीका हितेषी प्रकाशक |
|---|---|

पंडित श्रीधरात्मज

**किसनलाल गौड**

सलेमाबाद निवासी.

श्रीनाथजी ॥

# सूचना



ख; प—इस पुस्तकमें खकार दोनों तरहके छपे हैं सो पाठकगण अर्थांशपर ध्यान देके समझ लेवें।

जाहि, तहा, जहा, जिहि, इहि इत्यादि शब्दोंपर अनुस्वार नहीं छपे हैं सो भी पाठकगण अर्थांशपर ध्यान देके समझ लेवें।

जोऊ, कोऊ, इत्यादि शब्दोंमें गुरुका लघु पढा जाता है सो भी पाठकगण अर्थांशपर ध्यान देके समझ लेवें।

भापा—यह पद जहां है वहां वचानिका चाहिये सो भी पाठकगण अर्थांशपर ध्यान देके समझ लेवें।

ध, ध—ये अक्षर भी वहुतसे समान हैं सो भी पाठकगण अर्थांशपर ध्यान देके समझ लेवें।

श, प, स—इनको भी अर्थांशसे पाठकगण समझ लेवें।

व, व,—इनको भी अर्थांशसे पाठकगण समझ लेवें।

सो वानैं, सो; वानैं—ऐसे कई स्थानपर पद मिल रहे हैं सो भी अर्थांशसे पाठकगण समझ लेवें।

को, कौ, ठो, ठौ—इत्यादि शब्दोंको अर्थांशसे पाठकगण समझ लेवें।

व्हैं—इसको (ह्वैं) समझना चाहिये

१४० के पृष्ठसे बहुतसे अक्षरोंके व्यंजनका चिन्ह नीचे लगाया है । उसका तात्पर्य यह है कि, ग्रंथ कर्त्ताने उनका पूरा उच्चारण नहीं किया हैं । कदाचित् इनका पूरा एक मात्रिक उच्चारण किया जाय तो छंद् भंग होता है । और जिनके नीचे व्यंजनका चिन्ह किया है उनका उच्चारण पूर्वअक्षरके साथ होता है । सो पाठक गणको उच्चारण करनेमें विदित होगा ।

ग्रंथ संशोधक—

**कवीश्वर जयलाल.**

श्रीनाथजी ।

# नागरसमुच्चयके ग्रंथोंका सूचीपत्र.

## वैराग्यसागरे ।

## शृंगारसागरे।

# उत्सवमालाके उत्सवोंका सूचीपत्र।

# उत्सवमालामें रागहैं जिनके नाम ।

ये राग कई वार आगये हैं । परन्तु पाठक गणोंके जाननेके लिये एक वार लिखे हैं कि इस ग्रंथमें इतने राग हैं ॥

| पृष्ठ | पंक्ति | राग | पृष्ठ | पंक्ति | राग |
|---|---|---|---|---|---|
| ५३२ | ६ | रागपट | ५४३ | १ | देवगन्धार |
| ५३२ | ११ | रागगौरी | ५४३ | १३ | विलावल |
| ५३२ | १४ | रागअडाणौं | ५४३ | १९ | सारंग |
| ५३२ | १८ | राग परज | ५४५ | १४ | श्रीराग |
| ५३३ | ९ | राग षमायची | ५४७ | ९ | पूरवी |
| ५३३ | १३ | राग सोरठ | ५४७ | १५ | कामोद |
| ५३४ | २ | राग काफी | ५४९ | ७ | धनाश्री |
| ५३५ | १० | राग ईमन | ५५० | ९ | केदारो |
| ५३६ | १४ | राग षमायच | ५५४ | १८ | रागनट |
| ५३६ | २१ | रागविहागरो | ५६५ | ८ | हिंडोल |
| ५३७ | १३ | रागभैरूं | ५६८ | २२ | रामकली |
| ५३८ | ६ | सोरठमलार | ५८८ | ९ | जंझोटी |
| ५३८ | १६ | आसांवरी | ५९५ | १८ | मल्लार |
| ५३८ | १९ | टोडो | ६०० | ११ | वडहंस |
| ५४२ | १२ | नायकी | | | |

# पद मुक्तावलीमें रागहैं जिनके नाम.

ये राग कईवार आगये हैं। परंतु पाठकगणोंके जाननेके लिये एक एकवार लिखे हैं कि इस ग्रंथमें इतने रागहैं।

# उत्सवमालाके पदोंका सूचीपत्र।

# पदमुक्तावलीके पदोंका सूचीपत्र

| संख्या | पृष्ठ | पंक्ति | दो. चौ. |
|---|---|---|---|
| ६४ | ३९८ | २१ | नितिदानमांगेगहवरगैलमें ४०२।९ |
| ६५ | ४३४ | ४ | दोहा—नितदुलहनिनवनागरी ४३५।२० |
| ६६ | ४९४ | १५ | निसउजियारीफूलेद्रुम |
| ६७ | ४६७ | ५ | नितगरजगरजकेवरसवरसन घटालागी |
| ६८ | ४७१ | ७ | निलजवंसीलगीपियमुपगाजैं |
| ६९ | ४७९ | ९ | निगाहकेमिलतेहीचस्मौंपैगामाकिया |
| ४७० | ४०४ | १२ | दोहा—नित्यकेलिआनन्दरस ४४५।६॥ ५२९।१० |
| ७१ | ४०२ | १ | दोहा—नीठसंभारतसांवरो |
| ७२ | ५१६ | १६ | दोहा—निससर्दोत्फुल्लमल्लिकाककुभ |
| ७३ | ४६५ | १० | दोहा—नीलवसनगोरैंवदन |
| ७४ | ४५० | ६ | दोहा—नीलपीतमनिक्रांत |
| ७५ | ४२१ | १७ | दोहा—नीलपीतपटछोरछवि ४५०।९ |
| ७६ | ४७४ | ५ | दोहा—नीलांवरसिरचंद्रिका |
| ७७ | ३९६ | १४ | नींदभरीअंषियांजूवडीव |
| ७८ | ३९२ | ११ | दोहा—नींदभरेतन |
| ७९ | ४४६ | १३ | नींदझुकीपलनिरपिपिय |
| ४८० | ४६९ | १ | दोहा—नेहमुरलियाकौंगिनौं |
| ८१ | ४२५ | २ | नैंनांयैंहीलगेरी |
| ८२ | ४०८ | १९ | नैंननिसैंनतैंहूंथकी |

# श्रीनाथजी ।

# महाराज श्रीनागरीदा-सजीका जीवनचरित्र ।

॥ श्रीनाथजी ॥

॥ श्रीनृत्यगोपालोजयति ॥ श्रीयज्ञनारायणोजयति ॥

॥ सर्बसके शिर धूरदे ॥ सर्बस की व्रज धूर ॥

तसवीर कृष्णगढाधीश माहाराजाधिराज माहाराज श्री साव-न्तसिंहजी तद्द्वितीयहरिसम्बंधि नाम माहाराज श्रीनागरीदासजी की.

श्रीः ।

( बाबू राधाकृष्णदास लिखित )

# श्रीनागरीदासजीका जीवन चरित्र.

पिय प्यारी अनुराग मधु, मत्त मधुप सुखरास ।
गुप्त प्रेम अनुभव छके, जयति नागरीदास ॥

आज हम उस महानुभाव भगवदंश महात्माके चरित्र लिखनेमें प्रवृत्त हुए हैं जिसके गुप्त प्रेमानुभव भाव को स्मरण करतेही सहृदय रसिक मात्र को

* मेरी इच्छा बहुत दिनों से श्रीनागरीदासजीका जीवनचरित्र लिखनेकी थी परन्तु ठीक २ पता न लगनेसे न लिखसका, मित्रवर बाबू अमीरसिंहजी द्वारा कई ग्रन्थोंके मिलने से वह इच्छा पूरी हुई और एक जीवनी लिखीथी जो कि "नागरीप्रचारिणी सभा"के उत्साही सभ्योंकी इच्छानुसार ता०२४ मार्च सन १८९४ ई० को सभामें पढ़ीगई थी। सभाके अनुरोधसे "खड्गविलास यंत्रालय" के स्वामी महाराजकुमार बाबू रामदीनसिंहजी ने अपने यंत्रालयमें उसको छाप कर प्रकाशित किया था। परन्तु उससे मुझे संतोष न हुआ मैंने अपने मित्र कुंअर जोधसिंह जी मेहता की कृपा से कृष्णगढ़ के दीवान राव-बहादुर श्यामसुन्दरलालजी द्वारा कृष्णगढ के कवीश्वर जयलालजी से नागरीदासजी के वृत्तांत मँगाए, उसके देखने पर मेरे हृदय में कई सन्देह हुए और उनको लिखकर उन सभों के उत्तर मँगाए और तब जीवनी लिखनी आरम्भ की, इसी बीच में पण्डित मोहनलाल विष्णुलाल पंड्याजीने इनकी जीवनी पर एक लेख एशियाटिक सोसाइटी के जर्नल में छपवाया, जिसे देख कर और भी उत्साह बढ़ा और यह जीवनी लिख आप लोगों के सन्मुख उपस्थित करता हूं तथा उक्त महाशयों को धन्यवाद देता हूं।

इसके पहिले संस्करणमें भ्रम से महाराज सावंतसिंह के स्थानपर महाराज जसवंतसिंह छप गया था।

रोमांच होता है, और जिसे भाषा का जयदेव कहने पर भी हृदय को संतोष नहीं होता । आहा ! हमारे प्यारे नागरीदासजी के प्रेम रंग रँगे चित्र का जो महाशय दर्शन करेंगे वे अनुरागरसमत्त झुके और डबडबाए नेत्रों में अलौकिकता की झलक से अवश्य मोहित से होजांयगे और जैसा महानुभाव भगवदीयों के दर्शन मात्र से अपने चित्त का विलक्षण परिवर्तन होता है उसका अनुभव प्राप्तकरसकेंगे । हम यहां उनके हृदय के चित्रस्वरूप इस पद को अपने प्रिय पाठकों को सुनाये विना आगे नहीं बढ़सक्ते--

"गावनि रोवनि मौनहिमें व्है मौनहि मांझ सराहनि । रोके ऊर्द्ध उसास मौन में यह दुख कठिन निबाहनि ॥ बेरे बिजाती निकट काठ से लगे रहैं हियदाहनि । नागर सुखसागर किन मेटौ यह अब दुख अवगाहनि ॥ १ ॥"

नागरीदास इस नाम के चार महात्मा हुए हैं । सबसे प्रथम श्रीवल्लभाचार्य महाप्रभु के शिष्य आगरा में रहते थे जिनकी कथा[1] "चौरासी वैष्णवों की वार्त्ता" में है और जिनके विषय में गोस्वामि श्रीहितहरिवंशजी के शिष्य श्रीध्रुवदासजी ने अपने ग्रन्थ "भक्तनामावली" में लिखा है ।

"नेही नागरिदास अति, जानत नेह की रीति
दिन दुलराई लाड़िली, लाल रंगीली प्रीति ॥ २ ॥"

ध्रुवदास जी ने सम्वत १६८६ में "श्री वृन्दावन सतक" और सम्वत १७०२ में "रहसि मंजरी" बनाई थी परंतु "भक्त नामावली" में सम्वत नहीं लिखा ।

इन्हीं बड़े नागरीदास जी के विषय में भारतेन्दु श्रीहरिश्चन्द्र ने अपने "उत्तरार्द्ध भक्तमाल" में लिखा है ।

"हिय गुप्त वियोगहि अनुभवत बड़े नागरीदास हे ।
बारवधू ढिग बसत सबै कछु पीयो खायो ॥
पै छनहूं हिय सों नहिं सो अनुभव बिसरायो ।

---

१ "इन नागरीदासजी का नाम चौरासी वैष्णवोंकी वार्ता में तथा दोसो बावन वैष्णवों की वार्ता में नहीं मिला । परन्तु ग्रंथकर्ता बाबूराधाकृष्ण दासजी के लिखने से लिखा ।

सुनतहिं बिट्ठल नाम भक्त मुख श्रवन मझारी ॥
प्रान तज्यो कहि अहो अजौं सुधि तिन्हैं हमारी ।
दरसनही दै हरि भक्त अपराध कुष्ट जन दुख दहे ॥"

महाप्रभु श्रीवल्लभाचार्य का जन्म सम्वत १५३५ में हुआ था अतएव उसी के लगभग इनका भी काल है ।

दूसरे नागरीदास जी श्रीस्वामी हरिदासजी के शिष्य परंपरामें हुए हैं। मिस्टर ग्रोस साहब अपने "मथुरा" नामक ग्रन्थ में यह परंपरा यों लिखते हैं— श्री स्वामी हरिदास के शिष्य विट्ठलविपुलजी (जो कि उक्त स्वामी के चाचा थे) उनके बिहारिनिदास और उनके नागरीदासजी । सम्वत १५३७ में श्रीस्वामीजी लीला में प्राप्त हुए और उनकी गद्दी पर बिट्ठल विपुलजी विराजे । यदि २० वर्षकी अवधि महंती की मानली जाय तो श्री नागरीदासजीका सम्वत १५७७ के लगभग होता है । इनके विषय में ध्रुवदासजी लिखतेहैं ।

'नागरि अरु हरिदास मिलि, सेये नित हरिदास ।
वृन्दावन पायो दुहुनि, पूजी मन की आस ॥ १ ॥

तीसरे नागरीदास जी श्री गोस्वामी हितहरिवंशजी वा श्रीकृष्णचैतन्य महाप्रभुके सम्प्रदाय में हुए हैं इनका काल भी १५५० सम्वत से १६०० के लगभग समझना चाहिए । इनके विषय में ध्रुवदास जी लिखते हैं:—

"रमन दास अद्भुत हुते, करतकबित्त सुढार ।
बात प्रेमकी सुनतही, छुटत नैन जलधार ॥ १ ॥
बौरोरस मैं फिरै सो, खोजत नेह की बात ।
आछे रस के बचन सुनि, वेगि बिबस ह्वै जात ॥ २ ॥
कहा कहौं मृदुल सुभाउ अति, सरस नागरीदास ।
बिहारी बिहारिनि को सुजस, गायो हरषि हुलास ॥ ३ ॥

इन दोनों नागरीदासजी के विषय में भारतेंदुजी लिखते हैं ।

"श्रीवृन्दावन के सूरससि, उभय नागरीदास जन ।
*निज गुरु श्रीहरिवंश कृष्णचैतन्य चरनरत ॥

---

* यहां भ्रम होता है ।

हरि सेवा में दृढ़, काम क्रोधादि दोष गत ।
अद्भुत पद बहु किए दीनजन दै रस पोषे ॥
प्रभु पद रति विस्तारि भक्त जन मन संतोषे ।
दृढ़ सखी भाव जिय मैं बसत सपनेहुं नहिं कहुं औरमन ।

चौथे नागरीदासजी हमारे ग्रन्थ के नायक महाराज सावंतसिंह कृष्णगढ़ ( राजपूताना ) नरेश उपनाम श्रीनागरीदासजी हैं । ये महाप्रभु वल्लभाचार्य संप्रदाय के शिष्य थे । इनके विषय में भारतेंदुजी लिखते हैं ।

"हरिप्रेममाल रस जाल के नागरिदास सुमेर भे ।
वल्लभ पथहिं दृढ़ाइ कृष्णगढ़ राजहिं छोड्यो ।
धन जन मान कुटुम्बहिं बाधक लखि मुख मोड्यो ॥
केवल अनुभव सिद्ध गुप्त रसचरित बखाने ।
हिय सँजोग उच्छलित और सपनेहुं नहिं जाने ।
करि कुटी रमण रेती बसत संपति भक्ति कुबेर भे ॥"

भाषा कवि चूडामणि श्री आनन्दघनजी से इनसे बड़ाही प्रेमथा । हमारे यहां एक अत्यंत प्राचीन चित्र है जिसमें नागरीदासजी और घनआनंदजी एक साथ बिराजते हैं । घनआनंदजी के विषयमें भारतेंदु बाबू हरिश्चन्द्रजी "सुजानशतक" की भूमिका में लिखते हैं:—

"आनंदघनजी जाति के कायस्थ थे और मुहम्मदशाह के मुन्सी थे गानविद्या और कविता दोनों विषयों में अति कुशलथे और सचे प्रेमीथे अंतसमय में घर छोड़ कर श्री वृन्दावन बास करतेथे । नादिरशाहने जब मथुरा लूटी तो उसी मार काट में ये भी मारे गए ।"

"शिवसिंह सरोज" में इनका समय सम्वत् १७१५ लिखाहै ।

ठीक यही बात नागरीदास जी के विषय में भी प्रसिद्ध है कि मथुराके कत्लेआममें कट गए परन्तु श्रीवृन्दावन वास न छोड़ा, परन्तु "वनजनप्रशंसक" ग्रन्थ में जिसे नागरीदासजी ने सम्वत १८१९ में बनाया वे लिखते हैं:—

"अष्टादश शतदश जु नव, सम्वत माघसुमास ।
वनजनप्रसंस ग्रन्थ यह, कियो नागरीदास ॥"

---

१ बाबू राधाकृष्ण दासजीके यहां

इससे प्रमाणित हुआ कि सम्बत १८१९ तक नागरीदासजी बर्तमान थे और सम्बत १८१४ [ सन् १७५७ ई० में ] शाह आलम सानी के समय में अहमद दुर्रानी ने मथुरामे कत्लेआम किया था। इस विषय में कवीश्वर जयलालजी ने मुझे* यह लिखा है:—

" कत्लेआम होने की खबर यहां कृष्णगढ़ रूपनगर में गुप्त आ पहुंचीथी, नागरीदासजी के छोटे भाई बहादुरसिंहजी और नागरीदास जी के पुत्र सरदारसिंहजी ने इनको अर्जी लिखीथी कि कुटुम्बयात्रा के लिये यहां अवश्य पधारें तब इसधोखा दई से यहां आगए थे फिर छ महीने रह कर पीछे वृन्दावन ही पधार गए ।

सं० १८२१ की भादव सुदी ३ को वृन्दाबनही में परलोक निवासी हुए वहां उनकी छतरी है जिसमें लेख भी है । "

चारों नागरीदास जी कविता करते थे और ये सब कविता ऐसी मिल जुल गई हैं कि कुछ पता नहीं लगता कि कौन कविता किसकी है परंतु यह भ्रम व्यर्थ है क्यों कि कृष्णगढके पुस्तकालयमें श्रीनागरीदासजीके वर्त्तमान समयके सर्व ग्रंथ उनके हस्ताक्षरोंसहित अद्यापि हाजिर है इससे इनकी वाणीका दूसरे नागरीदासजी-की वाणीमें मिल जुल जाना यह भ्रम व्यर्थ है और राजा नागरीदास जी की अलौकिक कविता में कुछ ऐसा माधुर्य और गूढ भाव भरा है कि थोड़ेही काल में इसकी झनूकार सहृदय मात्र के हृदयमें गूंजउठी और हिन्दीभाषा के कवियों के मुकुटमणि का स्थान इन्हों ने पाया ।

हमको खेद है " शिवसिंहसरोज " मे शिवसिंहजी ने इनका सम्वत बहुत ही अशुद्ध लिखा है। उन्हों ने सम्बत १६४८ लिखा है। यदि कहा जाय कि उन्होंने पहिले के नागरीदास में से किसी का वर्णन किया है तो यह इससे अशुद्ध ठहरता है कि निम्न लिखित सवैये जो " शिवसिंह सरोज " में उक्त कवि की कविता में लिखे गये हैं वे महाराज सावंतसिंह उपनाम नागरीदासजी के ग्रन्थो में पाये जाते हैं और यदि इनके समझे जायँ तो समय ठीक नहीं है, क्योंकि इनका जन्म सम्बत १७५६ का है—१०८ वर्ष का अन्तर है और इसी

---

* राधा कृष्णदासजीके नाम

विश्वास पर डाक्तर ग्रियर्सन साहब ने * इनके जन्म का समय सन् १५९१ ई० अपने ग्रन्थ The Modern Vernacular Literature of Hindustan में दिया है. पण्डित मोहनलाल विष्णुलाल पंड्याजीने अपने लेख Antiquity of the poet Nagari Das* में इनके जन्म का समय ठीक दिया है परंतु शिवसिंह+ और डाक्तर ग्रिअर्सन के भ्रम को स्पष्ट नहीं दिखलाया हैं, क्योंकि यदि समय के अनुसार इन्हें छोड़ पहिले नागरीदासों में से कोई माने जांय तो कविता नहीं मिलती और यदि कविता के अनुसार ये माने जाय तो समय ठीक नहीं।

" भादो की कारी अंध्यारी निसा लखि बादर मंद फुही बरसावै। श्यामाजी अपनी ऊंची अटा पै छकी रस रीति मलारहि गावै॥ ता समै नागर के दृग दूरि तें चातिक स्वाति की बूंद यों पावै। पौन मया करि घूंघट टारै दया करि दामिनी दीप दिखावै॥ १॥ "

" देवन की औ रमापति की दोउ धाम की बेदन कौन बडाई। संखरु चक्र गदा पुनि पद्म सरूप चतुरभुज की अधिकाई॥ अमृतपान बिमानन बैठिबो नागर के जिय नेक न भाई। स्वर्ग बैकुंठ में होरी जो नाहीं तौ कोरी कहा लै करै ठकुराई॥ २॥ "

" गांस गंसोलिये बातें छिपाइये इश्क ना गाईये गाईये होलियां। गेंद बहाने न बीरा चलाइए सूंघे गुलाल उड़ाइये झोलियां॥ लोग बुरे चतुरे लखि पावैंगे दाबे रहौ दिल प्रीति कलोलियां॥ पाइ परौं जू डरौ टुक नागर हाइ करौं जिनि बोलियां ठोलियां॥ ३॥

इन कविताओं में कुछ पाठांतर नागरीदास जी के ग्रन्थों से हैं जिसे पण्डित मोहनलाल विष्णुलाल पंड्याजी ने लिखा है उसका आशय नीचे प्रकाशित करते हैं।

" हमारी पास इनके ग्रन्थों के संग्रह में नम्बर ३८ पत्र १९२ में एक अ-

---

*डाक्तर ग्रिअर्सन का The Modern Vernacular Literature of Hindustan नम्बर ९५ पृष्ट ६३८ और नंबर ३३ पृष्ट १३८ देखो। *Journal Asiatic Society Of Bengal Vol LXVI Part 1 No 1—1897 Page 63 देखो। +शिवसिंह सरोज—नं० ११ पृष्ट १७२ देखो

धुरा ग्रन्थ " वर्षा के कवित्त " है जिसमें केवल ८ कवित्त हैं, उसका सातवां कवित्त यह है इसमें बड़ा पाठांतर यही है कि शिवसिंह ने जहां नागर लिखा है वहां इसमें ' मोहन ' है:—

भादौं की कारी अंध्यारी निसा झुकि बादर मन्द फुही बरसावै । श्यामा जू आपनी ऊंची अटा पै छकी रस रीत मलारहि गावै ॥ ता समै मोहन की दृग दूरि ते आतुर रूप ( रूप ) की भीष यों पावै । पौन मया करि घूंघट टारै दया करि दामिनि दीप दिखावै ॥ ७ ॥

उसी संग्रह में नम्बर ३९ पत्र १८४ में " होरी के कवित्त " नामक ग्रन्थ है जिसमें १९ कवित्त हैं, उसका १९ वां कवित्त यह है, इसमें भी बड़ा अंतर यही है कि नागर के स्थान पर भावते लिखा है ।

गास गसीलीये बातैं छिपाइये इश्क न गाइये गाइये होलियां । गेंद बहाने न बीरा चलाइये सूधे गुलाल चलाइये झोलियां ॥ लोग बुरे चतुरे लखि पावैंगे दाबे रहो दिल प्रीति कलोलियां । पाय परौं जु डरो टुक ( टुक ) भावते हाय करो मति बोलियां ठोलियां ॥ १९ ॥

उसी संग्रह में नम्बर ४१ पत्र २९६ " फाग विहार " नामक ग्रन्थ है उसमें यह सवैया ८ वां है ॥

देवन केरु रमापति के दोऊ धाम की देवनि कोनी बड़ाई । संखरु चक्र गदा अरु पद्म सरूप चतुर्भुज की अधिकाई ॥ अमृतपान बिमानन बैठिबो जेती कही तेती एक न भाई । स्वर्ग बैकुंठ में होरी जो नाही तौ कोरी कहा लै करै ठकुराई ॥ ८ ॥

कविता में नागरि, नागर, नागरीदास और नागरिया नाम रखते थे ।

इनका कुल सदा से वीर वैष्णव चला आता है । इनके हृदय में राजकाज में फँसे रहने पर भी सदा उज्वल प्रेमशिखा प्रदीप्त थी और श्रीवृन्दावन के लिये तरसा करते थे जैसा कि उनके पदों से झलकता है ।

" ज्यों ज्यों इत देखियत मूरख विमुख लोग त्यों त्यों सुखरासी ब्रजबासी सुधि आवै है । खारे जल छीलर दुखारे अंधकूपचितै कालिन्दीके काज महामन ललचावै है ॥ जैसी अब बीतत सु कहत न आवै बैन नागर न चैन परै प्रान अ-

कुलावे है । थोहर पलास देखि देखि कै बबूल बुरे हाय हरे हरे वे तमाल सुधि आवे है ॥ ”

कृष्णगढ राज्यका ७२४ मील मुरब्बा है । सन १८८१ ई० में इसमें ११२६३३ मनुष्योंकी वस्ती थी, जिनमें ५९०९८ पुरुष और ९३५३५ स्त्रियां, ये लोग ३ नगर और २१० गावोंमें रहते हैं, और सब २४९२८ घर हैं; जिनमें ९७८४६ हिन्दू ८४९२ मुसल्मान और ६२९५ जैन रहतेथे । इस राज्यमें कृष्ण-गढ (राजधानी) रूपनगर और सरवार ये तीन नगर हैं ।

इस राज्यको जोधपुरके महाराज उदैसिंहके द्वितीय पुत्र कृष्णसिंहने पैतृक अधिकारको छोडकर अब जिस देशमें कृष्णगढराज्य है उसे विजय किया.

कृष्णगढ़ नगर बहुतही सुन्दर गूंदोलाव नामकतालाव के किनारे पर बसा है, जिसके बीचमें महाराजका बाग मुहकमविलास बना हुआ है, नगरमें श्रीमदन मोहनजी श्रीब्रजराजजी श्रीद्वारकानाथजी श्रीगोवर्द्धननाथजी तथा मोहनलालजी सुखनिधानजी नरसिंहजीका मंदिरहैं और जैनके मंदिरोंमेंभी चिन्तामणिजीका मंदिर मकराणेके पत्थरका बहुत अच्छाहै । कृष्णगढसे १२ मीलपर सलीमाबादमें एक नि-म्बार्क संप्रदायका मन्दिर है जिसमें उस प्रान्तके बहुतसे हिन्दू यात्री दर्शनके लिए आया करते हैं और निम्बार्कोंमें यहगद्दी सबसेबडीहै जैसे कि वल्लभकुल संप्रदायमें श्रीनाथद्वाराकी गद्दीहै और सलीमाबादमें ठाकुरजी विराजतेहैं जिनका नाम श्रीराधामाधवजी है यह स्वरूप कविचूड़ामणि जयदेवजीके मस्तकके हैं मूर्ति अति विसाल मनोहर है । और श्रीसर्वेश्वरजीका स्वरूपभी वहीं विराजताहै जो कि सनकादिकोंके सेव्य है ऐसी प्रसिद्ध ख्याति है ।* और सलेमाबादग्रामके दक्षिण दिशामें पंडित श्रीधरकी १ छोटीसी वाटिकाहै जिसमें हनुमानजीकी मूर्ति अति विसाल है. इस लघु ग्रामका नाम बहुत देशांतरोंमें फैला है कारण पं०श्रीधरके ज्ञा० सा० छा० की पुस्तकें या पंचांगों मात्रमें सर्वत्र इस ग्रामका नाम लिखाजाता है इस्से

कृष्णगढ राज्यके स्थापनाके विषयमें कृष्णगढ दर्बारके कवेश्वर जयलालजी ने मेरे प्रश्नके उत्तरमें यह लिखा है:—

---

* ( Dr Hunter's Imperial Gazetteer of India Volume VIII Page 223 )

" सम्वत १६५४ में जोधपुरसे प्रथक राज्य, प्रथम तो 'हिंडोण' § में हुआ और फिर 'सेठोलाव' में जो कि कृष्णगढ़से पश्चिम तरफ २ मीलके लगभग दूरी पर है वहां हुआ और महाराज श्रीकृष्णसिंहजीने सम्वत १६६८ में कृष्णगढ बसाया "

ये महाराज कृष्णसिंहजी श्रीवल्लभकुलके अनुयायी वैष्णव थे और तबसे बराबर यह कुल उन्हींका अनुयायी चला आता है इस विषयके प्रश्णोत्तरमें उक्त कवीश्वरजी लिखते हैः—

" यह कृष्णगढकी राजधानी नियत करने वाले जो महाराज कृष्णसिंहजी थे जबहीसे वल्लभाचार्यजीके अनुयायी हैं० और उनके मस्तकपर दो स्वरूप श्री नृत्यगोपालजीके विराजते थे, वे दोनों स्वरूप अद्यापि यहां विराजते हैं, जिनमें एक स्वरूप श्रीदाऊजीका और दूसरा श्रीकृष्णजीका है, और महाराज श्रीकृष्णसिंहजी नरवरगढके कछवाहा राजा आसकरणजी + जो श्रीवल्लभाचार्यजीके अनुयायी महा वैष्णव थे और जिनका प्रसंग वैष्णवोंकी वार्तामें है जिनके भानजे थे।"

---

§ हिंडोण–पहिले अच्छा नगर था महाराष्ट्रों ने उसे नष्टकर दिया प्राचीन प्राचीर टूटी फूटी पडी है। अब यह जयपुर राज्यान्तर्गत है।

( Dr. Hunter's Imperial Gazetteer Vol. V Page 414 )

+ नरवरगढके कछवाहा राजा आसकरणजी—डाक्तर ग्रिअर्सन लिखते हैं. Askaran Das, the Kachhwaha Rajput of Narwargarh, in Gwaliyar Fl. C. 1550 A. D.

Rag; He was son of King Bhim Singh See Tod II 392 Calc. Ch. II 390—The Modern Literature of Hindustan page 31 No. 71

यही शिव सिंहभी सरोजमें लिखते हैं। ( पत्र ६ न० ३७ )

यह गोस्वामि श्रीविट्ठलनाथजीके शिष्य थे, इनका चरित्र "दो सौ बावन वैष्णवकी वार्ता" में ( नं० २०२ ) जो लिखा है हम उनका संक्षेप यहां देते हैं:–

इन्हें रागपर बडी आसक्तिथी, देश देशान्तरके गवैयोंका आदर सत्कार करते थे. एक समय तानसेन इनके यहां आए और उन्होंने " कुंवर बैठे प्यारीके

महाराज रूपसिंहजीने 'रूपनगर' बसाया और उसे राजधानी बनाया इस विषयमें उक्त कवीश्वर जी लिखते हैं.—

"सम्वत १६६८ में महाराज श्रीकृष्णसिंहजीने कृष्णगढ बसाया और राजधानी नियत की फिर सम्वत् १७०० में महाराज श्रीरूपसिंहजीने रूपनगरको राजधानीका मुख्य स्थान नियत कियाथा जबसे वहीं रहतेथे फिर महाराज नागरी-

---

संग अंग अंग भरे रंग बलि बलि बलि त्रिभंग युवतिन मनभाई" गाया। राजा प्रेमसे मत्त हो मूर्च्छित होगए। चैतन्य होनेपर पूछा यह किसका पद है? तानसेनने बताया गोकुलके गोसाईं विट्ठलनाथजी के शिष्य गोविन्दस्वामीका। राजा तानसेनको दो सहस्र रुपैया देने लगे पर उन्होंने नहीं लिया कहामें रुपयेका भूखा नहीं, गुण ग्राहक ढूंढता हूं सो जैसा सुनाथा वैसा पाया" तानसेनको संग ले राजा गोकुल आए और श्रीगोशांईजीके सेवक हुए श्रीगोशांईजीकी आज्ञासे गोविन्दस्वामीजीने रमणरेती पर लिवाजाकर राजाको सेवाकी रीति तथा कीर्तन आदि सिखाये। तदनन्तर राजा श्रीगुशांईजीकी आज्ञा ले और श्रीमदनमोहनजी ठाकुरको सेवाके लिये पधरा अपने देश आये एक समय दक्षिण देशका कोई राजा इनपर चढआया, इन्होंने सेवामें विघ्न न पडै इसलिये विचार किया कि राज्य इसे सौंप आप गोकुल चल बसें. परंतु स्वप्नमें आज्ञा हुई कि मानसी सेवा कर और शत्रुसे लड, ऐसाही किया और प्रभुकी कृपासे जयी हुए। एक दिन जाडेकी ऋतुमें राजा चार घडीके तडके सेवामें नहाये, वहां चार चोर छिपे थे, उन सभोंने राजाको तीर मारी जो पीठको छेद बाहर निकलगई, भितरियोंने पट्टी बांध दी, परंतु राजा सेवामें ऐसा देहाध्यास भूलगए थे कि कुछ खबरही न हुई। जब सेवासे निकले पट्टी बँधी देखी लोगोंने सब वृत्त कहा, राजाने सोचा कि सब अनर्थ का मूल धन है, राज अपने भतीजेको दे ठाकुरजीका वैभव श्रीगुशाईंजीके यहां भेज. एक झांपीमें श्रीठाकुरजीको केवल गुंजा मोरपंख धरा अपने साथ ले श्रीगोकुल चले आये, और विरक्त भावसे रहने और लीलाका अनुभव करने लगे।

यह वार्ता श्रीगोस्वामी गोकुलनाथजीकी बनाई बताते हैं जिनका जन्म सम्वत १६०८ मि० माघ शु० ७ का है।

दासजीके एक पीढीपीछे अर्थात् सम्वत् १८२३ के पीछे कृष्णगढहीको पीछा राजधानीका मुख्य स्थान नियत किया सो अद्यापि है। और उक्त महाराजको कृष्णगढाधिपति इस कारणसे लिखते हैं कि अब प्रसिद्ध राजधानीका स्थान कृष्णगढही है नहीं तब ये तो रूपनगरकेही राजा थे. ॥ ”

नागरीदासजी किन वल्लभकुल गोस्वामीके शिष्य थे इसके उत्तरमें उक्त कविराजाजी लिखते हैं:—

“ महाराज श्रीकृष्णसिंहजीके पौत्र रूपसिंहजी थे वे श्रीवल्लभाचार्यजी*के पुत्र विट्ठलनाथजी÷ जिनके पुत्र टीकैत ( बडे ) श्रीगिरिधरजी† थे जिनके तृतीय पुत्र दीक्षितजी श्रीगोपीनाथजी‡ थे जिनके शिष्य हुए थे उन्हींके पास ब्रह्म संबंध भी लिया था और श्रीकल्याणरायजीका स्वरूप दीक्षितजी श्रीगोपीनाथजीने इन ( रूपसिंहजी ) के मस्तकपर पधराया था वह स्वरूप अद्यापि यहां विराजता है । और इन्हीं ( रूपसिंहजीने ) । श्रीवल्लभाचार्यजीके उस चित्रको जो बादशाह अकबरने बनवाया था जो बादशाह शाहजहांसे मांगके ले लिया था। वह चित्र अद्यापि यहां है और श्रीकल्याणरायजीके समीप सेवामें बिराजता है। पूर्वोक्त श्रीनृत्यगोपालजीके दो स्वरूप थे जिनमें एक स्वरूप बडा श्रीदाऊजीका सो तो श्रीकल्याणरायजीके गोदमेंही बिराजता है और दूसरा छोटा स्वरूप श्रीकृष्णजीकासो वर्तमान महाराजाधिराज महाराज श्रीशार्दूलसिंहजी बहादुर जी. सी. आई. ई. के अनुज महाराज दीक्षितजी श्रीजवानसिंहजीके मस्तकपर विराजता है।”

“जो कि महाराज श्रीरूपसिंहजीके गुरू गोस्वामी दीक्षितजी श्रीगोपीनाथजी थे जिनके प्रपोत्र गोस्वामी श्रीरणछोडजी+ नागरीदासजीके गुरू थे इनका स्थान कोटेमें श्रीबडे मथुरेशजीका है और श्रीरूपसिंहजीसे लेकर अबतक उसी

---

* श्रीवल्लभाचार्य—जन्म सम्वत १५३५ मि० वैशाख कृष्ण ११

÷ श्रीविट्ठलनाथजी—जन्म सम्वत १५७२ मि० पौष कृष्ण ९

† श्रीगिरिधरजी टीकैत—जन्म सं० १५९७ कातिक ब० १२

‡ श्रीगोपीनाथजी—जन्म संवत १६३४ माघ कृष्ण ६

+ गोस्वामी श्रीरणछोडजी—जन्म सम्वत १७७७ ज्येष्ट कृष्ण ५

स्थानके शिष्य होते हैं और उनका मन्दिर कृष्णगढमेंभी श्रीमदनमोहनजीका है जिनके भेट यहांकी तरफसे ग्रामभी हैं और लगान सहित दस सहसके लगभगकी जीविका है.

नागरीदासजीके सेव्य ठाकुरके विषयमें उक्त कवीश्वरजी लिखते हैं:—

"नागरीदासजी स्वयं पूर्वोक्त श्रीकल्याणरायजीकी सेवामें उपस्थित रहते थे और प्रदेश जाते तब श्रीनृत्यगोपालजीका स्वरूप साथमें रखते थे। वृन्दावनमें रहे तबभी श्रीनृत्यगोपालजीकीही सेवाकी।"

नागरीदासजीका जन्म सम्वत १७५६ पौष कृष्ण १२ को हुआ। इनके पिताका नाम महाराज श्रीराजसिंह था। इनका विवाह भानगढ नामक नगरके राजा राजावत (राजावत कछवाहोंकी एक शाखा है) यशवंतसिंहजीकी कन्यासे सम्वत १७७७ के ज्येष्ठ सुदी ९ को हुआ था। इन्हें ४ संतति हुई। प्रथम पुत्र जिनका जन्म सम्वत १७८३ में हुआ था बाल्यावस्थाहीमें परलोक गामी हुए। दूसरे कुमार सरदारसिंह जिनका जन्म सम्वत १७८७ के भाद्रपद शुक्ल २ को हुआ था। यही इनके उत्तराधिकारी हुए। पहिली कन्या किशोर कुंवरिजीका विवाह बूंदीके हाडा दीपसिंहजीसे हुआ था और दूसरीका नाम गोपाल कुंवरिजी था। इनका संबंध जयपुरके महाराज श्रीमाधोसिंहजीसे निश्चय हुआ था, परन्तु परम वज्र हृदय विधातासे यह सुखमय संबंध न देखा गया. उक्त महाराज विवाहके पहिलेही सुरधाम गामी हुए। इनके भ्राता महाराज सरदारसिंहजीने इनका विवाह दूसरे कहीं करनेका उद्योग किया, परन्तु जिस सती रमणी रत्नके शरीरमें परम भगवदीय महानुभाव नागरीदासजीका पवित्र रक्त संचालित होता था, जिसने पवित्र कुलकी शोभा वढायी थी, वह क्या कभी सांसारिक सुखोंके लोभमें फंसकर अपने परम पवित्र सतीत्व धर्मको तिलांजलि दे सक्ती थी? प्रातस्मरणीया गोपालकुंवरिजीने दृढता पूर्वक दूसरा संबंध अस्वीकार किया और कहा जो होना था हो चुका क्या एक शरीर दो पतिको अर्पण हो सकता है? और संसारके सुखोंसे मुख मोड भगवच्चरणारविंदमें मन लगाया अपने सिरपर एक स्वरूप श्रीठाकुरजीका पधराया जिनका नाम श्रीरामलालाजी रक्खा और इन्हींके प्रेममें मगन रहकर अपने इस क्षणस्थायी जीवनको परम संतोष पूर्वक व्यतीत किया। धन्य राजपूत कुल कमलिनी! धन्य सतीत्व मान संवर्धिनि!! धन्य नागरीदास यशोविस्तारि

नि !!! धन्य आज कलिकी कुल बालाओंको इनका उदाहरण लेना चाहिये, उन्हें हृदयकी आंखोंसे देखना चाहिये सती साध्वी पतिव्रताओंके लिये पति कैसा आदरणीय देवता है. उन्हें चाहिये कि गोपाल कुंवरिके आदर्शमय चरित्रको रात्रि दिवस अपने गलेका हार बनावें । कहां हैं गोपाल कुंवरि और कहां गए महाराज नागरीदास ? परन्तु यह उनका उज्वज्ल चरित्र आजतक यश फैला रहा है और अनन्त कालतक ऐसेही महानुभावोंके चरित्र भारतवर्ष तथा क्षत्रिय कुलका गौरव सारे संसारमें स्थिर रक्खेंगे । कहिये संसारमें कितनेही इनके ऐसे तथा इनसे बढ-कर लोग जन्मे और कालके कराल गालमें बिलीयमान हुए परन्तु किसका नाम कौन लेता है ! किसका चिन्ह पृथ्वीपर वर्तमान है ? परन्तु हां.—

कीर्तिर्यस्य सजीवति ।

महाराजा सावंतसिंह संस्कृत, फारसी अच्छी पढे थे भाषा पिंगल और डिं-गलके तो पण्डितही थे, राग, चित्र और शस्त्र विद्यामें परम प्रवीण थे । एक दिन जब कि ये श्रीवृन्दावनसे घर आए थे इनके भ्रातृपुत्र कुमार बिरदसिंहजीने कहा कि 'मैंने सुना है कि आप शिकार अच्छा खेलते हैं मुझेभी दिखाइए, आपने उत्तर दिया कि "अब मुझे शिकारसे क्या प्रयोजन परन्तु तुम कहते हो तो दिखाऊंगा एक हिरनके पीछे आपने घोडा डाला और थोडी दूर जाते जातेही उसकी सींगमें अपनी कुबडीको लगाकर उसे रोक रक्खा । चित्रमें ऐसे निपुण थे कि कई एक भाव प्रिया प्रीतमके चित्रका आपने नयाही निकालाथा । और विद्याका परिचय तो उनके काव्योंहीसे मिलता है ।

ये परमशूरवीर थे और बचपनहीसे परम निर्भय थे । संवत १७६६ में जब कि ये केवल १० ही वर्षके थे, एक दिन दिल्लीमें राज्यदर्बारसे लौटती समय एक मस्त हाथी जो कि महावतोंके काबूसे बाहर था, इनपर टूटा, महावत लोग लाख पुकारते रहे इधर मत आओ भागो, परंतु वीर बालकने पीठ देना सीखाही न था, इन्होंने हाथीसे मुठभेड होतेही एक हाथ तलवारका ऐसा मारा कि वह चु-पचाप दुम दबाकर पीछे भागा और आप अपने घर आये, उससमयका चित्र कृ-ष्णगढ दर्बारमें है ।

संवत १७६९ में जब कि इनकी अवस्था केवल १३ वर्षकी थी इन्होंने अ-

अकेले ही बूंदीके हाडा जैतसिंहको मारा था जिसमें इन्हें कुछ घावभी लगे थे।

इसी संवतमें दिल्लीके बादशाह बहादुरशाह मरे और गद्दीके लिये जहांदार-शाह और फर्रुखसियरसे लडाई हुई और फर्रुखसियरने विजयी होकर दिल्लीके तखतपर अधिकार किया इस लडाईका वर्णन श्रीधरकविने बहुत सुंदर लिखा है। यह श्रीधर कवि जिसका नाम मुरलीधरभी था प्रयागका रहनेवाला था इसने इसी "जंगनामा" में लिखा है।

"श्रीधर मुरलीधर उरुफ, द्विजवर बसत प्रयाग।
रुचिर कथा यह शाहिकी, बढ्यो कथन अनुराग॥

यह शृंगार और वीर रस दोनोही कविता सुंदर करता था। उस समयके अ-मीर उमराओंका बहुत कुछ गुणानुवाद किया है और पारितोषिक पाया है जिसने कुछ दिया नहीं है उसकी ऐसी हजो की है कि अश्लीलताके कारण वह कविता प्रकाशित करने योग्य नहीं हैं॥

शिवसिंहने अपने ग्रंथमें चार श्रीधर लिखे हैं। जिनमेंसे एकका नाम राजा सुब्बासिंह चौहान था और ओयल जिला खीरीके रहनेवाले थे। इनका समय सं-वत १८७४ दिया है जिन्होंने "विद्वन्मोद तिरंगिनी" नामक साहित्य ग्रंथ बनाया दूसरे श्रीधर राजपुताना वाले इनका समय १६९० दिया है जिन्होंने "भवानी छंद" नाम एक दुर्गाकी कथाका ग्रंथ बनाया है। शेष दोनो श्रीधर निश्चय एकही हैं क्योंकि दोनोकी कविता जो दी है वह श्रीधर उर्फ मुरलीधर कविहीकी है। शिव-सिंहने एक श्रीधर (जिनके नाममें मुरलीधर नहीं लगाया है) का समय १७८९ संवत दिया है और लिखा है कि "शृंगाररसमें सरस कवित्त हैं" और कवित्त इनका यह दिया है:—

"श्रीधर भावत प्यारो प्रवीनके रंग रंगे रथ साजन लागे।
अंग अनंग तरंगनिसों सब आपने आपने काजन लागे॥ १॥
किंकिनी पायल पैजनियां बिछिया घुघरू घन गाजन लागे।
मानो मनोज महीपतिके दरबार मरातिबे बाजन लागे॥ २॥

यह कविता श्रीधर उर्फ मुरलीधरके ग्रंथमें मुझे ढूंढनेपर मिली, यह प्राचीन हस्तलिखीत पुस्तकके ७७ पत्रेमें ३१ अंकका कवित्त है और प्रथमके एक पादमें कुछ पाठांतर है। हस्त लिखित पुस्तकमें यह पाठ है:—

श्रीधर भावतो प्यारी प्रवीनसों रंग भरे रति साजन लागे । हम इस कवित्तके ऊपर नीचेका एक एक कवित्त उद्धृत कर देते हैं:—

" ठाढोही सादेही साजसौं आजु उछाह भरी मद सौतिको खूंदिकै । आंचर खूंटि खुल्यो अचका निकसे कुच कोरक कंजसी दूंदिकै ॥ छाति छपावति भाव भरी तकि श्रीधर लाल रहे रसगूंदिकै । हेरि इते दृग फेरि गई हँसि घूंघटके पटसो मुख मूंदिकै ॥ ३० ॥

मेरे जवै आवतहौ हंसत हंसावतहौ रीझत रिझावतहौ रंगनि रंगतहौ ॥ और कैं पधारतहौ ताहिउर धारतहौ छलनि सुधारतहौ प्रेमसों पगतहौ ॥ श्रीधर अहिरा कछु जानत न पीरा सदा खीरा बार हीरा मीले जगत ठगतहौ । प्रीतकी प्रतीति होति देखें रीति रावरेकी नेक भीति ओट है अमीतसे लगतहौ ॥ ३२ ॥

समय तो ठीक मिलताही है क्योंकि संवत १७६९ में इन्होंने जंगनामा बनाया यथा:—

" संवतसो सत्रह सै उन्हत्तरि पूसपून्यो बुध तहीं ।
सनसो अग्यारह तेतिसा माहे मोहर्रम चौदहीं" । १ ।
अरू पातसाही माहे आजर वाएसी श्रीधर कही ।
सफजंगकी साएति सधी साहेबजहां कीनो सही ॥ २ ॥

अब यहां हिजरी सनमें भ्रम है क्योंकि फर्रूखसियरकी जहांदारशाहसे लडाई सन् ११२४ में हुई है यह भूल लेखककी प्रतीत होती है ।

दूसरे श्रीधर मुरलीधरका संवत शिवसिंहने नहीं दिया है. लिखा " कवि विनोद नाम पिंगल बनाया" और कवि विनोद पिंगलके ये दोहे उठाये हैं:—

" श्रीधर मुरलीधर सुकवि मानि महा मन मोद ।
कवि विनोद मय यह कियो उत्तम छंद विनोद । १ ।
श्रीधर मुरलीधर कियो निज मतिके अनुमान ।
कवि विनोद पिंगल सुखद रसिकनके मन मान" । २ ।

यही भ्रम डाक्तर ग्रियर्सनकोभी हुआ है ।

अस्तु यह तो निश्चय है कि यह दोनों एकही श्रीधरथे ।

सम्भव है कि इस संवत् १७६९ की लडाई में महाराज सावंत सिंहजीभी रहे हों क्योंकि कृष्णगढसे आये हुए इतिवृत्तमें लिखा है कि " इन साहिबोंपर

बादशाह फर्रूखसियरकी बहुत मेहरबानीथी इन साहबोंके पास घोडे फिरवाके बहुत देखता" और इधर श्रीधर अपने " जंगनामा में लिखते हैं कि:—

" तब मीर जुमिला संग व्है। द्वै लाख स्वार उमंग है ॥
यह बंक कोतल फौज है। सावंत उरमें ओज है ॥"

परन्तु अधिक सम्भव यही है कि कवि ने सावंत शब्द वीरके लिए लिखा हो, क्योंकि प्रायः ऐसाही किया है जैसेः—

" समसेर सरकि सिरोहकी सावंत ए दोऊ लरे।
घनघाइ खाइ अंगाइ अंगनि अटल व्है दोऊ अरे॥'

सम्वत १७७१ में जबकि आप १५ वर्षकेथे, जलूस महफिल हो रहीथी. उस समय इनके पिता महाराज श्रीराजसिंहजी कोटाके महाराज श्रीभीमसिंहजी, सोपर के महाराज श्रीराजसिंहजी, और महाराज भदोरिया श्रीगोपालसिंहजी प्रभृति बैठे थे। उस समय अकस्मात इनके जामाके दामनमें एक विषधर सर्प आगया आपने इसकी किसीकोभी खबर न होने दी, चुपचाप उसके फनको पकडकर मसल दिया और किसी बहानेसे उठकर मृतक सर्प बाहर फैंक आए इस भेदको उनके खिदमतगारोंके अतिरिक्त और किसीनेभी न जाना।

सम्वत १७७४ में जब किये १८ वर्षके थे थूणकी गढी को फतह किया। थूणकी गढीके स्वामी जाट बदनसिंहको पराजित करनेके लिये फर्रुखसियरने नव्वाब मुजफ्फरखां* जयपुरके महाराज जयसिंह, और कोटाके महाराज भीमसिंहको भेजा था, थूणकी गढी जो मेवासामें है वहां लडाई हो रहीथी, परन्तु गढी कब्जेमें नहीं आती थी क्योंकि जगह बेढंगथी चढनेका रास्ता न था, तब नव्वाब नोलादखां खानदौरा+ बख्शीके भाई ने अर्ज करके इन्हें भेजवाया, यह वहां

---

* नवाब मुजफ्फरखांकी बीरताके विषयमें श्रीधर लिखते हैं:—
" सज्यो मुजफ्फरखां फतूह कर। समसामुद्दौला सुबीर बर "

+ खानदौरा—पूर्व नाम ख्वाजा मुहम्मद आसिन, उसके पीछें अरफखां तत्पश्चात शमसामुद्दौला, अमीरुल्उमरा खानदौरा बहादुर मनसूरजंगकी पदवी मिली इनके पिता ख्वाजः कासिमनकश बंदीथे। खानदौरा नादिरशाहकी लडाईमें २३ फर्वरी सन १७३९ में जखमी हुए और चारही दिन पीछे २७ तारीखको ६८ वर्षकी अवस्थामें मरे।

पहुंचतेही बख्तर पहिरे हुए, गोलियोंकी वर्षाके बीच हाथीपर सवार घुस पडे और गढीके फाटक पर पहुंच हाथियोंसे फाटक तोडवा गढी भेल दी पीछेसे सारी फौज भी आ पहुंची यह दिन सम्वत १७७४ बैशाष बदी ६ था। इस समय एक गोली इनके शरीरसे भिडती हुई निकल गईथी परंतु कुछ गहरी चोट नहीं लगी; वहांसे पालकीमें सवार हो डेरे पर आए, उस समय नवाब और महाराज जयसिंह उनके डेरे पर आए और कहा कि यह आपहीका काम था, और नवाबने बादशाहके पास अर्जी भेजी उसमें फतह इन्हीके नाम लिखी। बादशाहने प्रसन्न हो बडीही प्रशंसाकी और खिलत शमसेर आदि भेजा।

सम्मत१७७६बीस वर्षकी अवस्थामें अकेलेही सिंहका शिकार किया जिसका चित्र कृष्णगढ दर्बारमें है।

सम्वत १७९३ में दक्षिणी मल्हार राव गुजरातसे मारवाड आया। इन्होंने उसे खिरणी ( कर ) नहीं दिया, कुछ लडाई भी हुई। अन्तमें बाजीराव पेशवाने मल्हार रावसे कहाः-

"बाजेराव मल्हारसौं कहतो गयो कथाह।
और राव सब राव है सांवत बात अथाह॥"

यह दोहा उस देशमें अत्यन्त प्रसिद्ध है।

सम्वत १८०४ में जब कि मुहम्मदशाह दिल्लीके तख्त पर बैठ चुके थे, पठानोंने दिल्ली पर चढाईकी, उस समय मुहम्मद शाहने यहां भी फर्मान भेजा था, इनके पिता श्रीमहाराज राजसिंहजी जानेकोप्रस्तुत हुए. परन्तु इन्होंने कहा कि आप बहुतेरी लडाइयें लड चुकेहैं इसपर हमें जाने दीजिये, निदान पिताकी आज्ञासे ये अपने पुत्र सरदारसिंहके साथ दिल्लीगए. परंतु बादशाहने इन्हें मुहिम

---

See Journal Asiatic Society Bengal Part 1 No. I Vol. LXVI page 57.

यह खानदौरा फर्रुखसियरके भी सर्दारोंमें था। श्रीधर लिखते हैं:

"सज्यो खानदौरा सुबहादुर। समसामुद्दौला सिपाहपुर।
उतहि उनको खानदौरा। इतहि सजि यह खानदौरा॥
संग केतिक खानदौरा। मनहु उनको खान दौरा॥ १३॥

ऐसेही अनेक स्थानपर लिखा है।

पर नहीं भेजा, अपनेही पास रक्खा विदित होता है कि इसी समयसे इनसे आनँदघनजीसे मित्रता हुई। सम्वत १८०५ में मुहम्मद शाह मर गए और उसी समय इनकेपिता महाराज राजसिंहजीकाभी परलोक हुआ और सम्वत १८०५ वैशाख सुदी ५ को ये गद्दीपर बैठे।

इस घटनाको एक वर्षभी न बीता था. ये इधर दिल्ली आए थे उधर इनके छोटे भाई बहादुरसिंहजीने राज्यपर अधिकार कर लिया। दिल्लीकी बादशाहतमें तो कुछ जोर रहही नहीं गया था, और मरहठोंका चढता समय था. उन लोगोंके पास सहायता लेनेके लिये यह भी गए, रास्तेमें अपने पुत्र सरदारसिंहको घासेडा नगरजो बडगूजर जातिके राजपूतोंकी राजधानी था और जहां सरदारसिंहजी ब्याहेथे, भेज दिया और आप मरहठोंके पास गये। उनके साथ आप कुमाऊंकी मुहिम्मपर गये।

कमाऊंकी लडाई संवत १८०८ में हुई थीं; वहीं 'जुगलभक्तिविनोद' ग्रंथ बनाया था।

"अष्टादश सत अष्ट पुनि, संवत माघ सुमास। जुगल भक्त गुन ग्रंथ यह, कियो नागरीदास॥ निकट कमाऊं पर्वतनि, विकट विटपकी भीर। तहां ग्रंथ रचना भई, नदी कौसिकी तीर॥"

वहांकी लूटके विषयमें लिखते हैं:—

"लाज छांडि मनकौं भजौ, दीजै मनकौ छूट।
कम्माऊंकी मुहिम मैं, जैसें लूटा लूट॥"

इसीके पीछे ही आपने "तीर्थानन्द ग्रंथ" बनाया है और उसमें उसी सिलसिलेसे मुकाम भी दिये हैं, जैसे रूपनगरसे सांभर गये, वहां देवयानीका वर्णन किया है, जैपुरमें गलता ( गालवाश्रम ) का वर्णन किया है फिर वृन्दावन आए वहांसे अपने पुत्रको घासेडामें भेज आप मरहठोंके पास गये. फिर उनकेसाथ कुमाऊं। मरहठोंको अपने साथ लेकर फिर श्रीवृंदावन आए; आप तो वहीं रहगये और अपने पुत्रको मरहठोंके साथ लडनेको भेज दिया, इन्हें वृंदावनमें स्वप्नमें आज्ञा हुई थी कि तुम यहीं निवास करो राज्य तुह्मारे लडकेको मिलेगा, निदान बहुत लडाईके पीछे संवत १८१३ में बहादुरसिंहजी और सरदार सिंहजीने राज्यको दो भाग करके बांट लिया।

संवत १८१३ के फाल्गुणमें इन्होंने कुटुंब यात्राके निमित्त प्रस्थान किया सुनते हैं कि उस समय इनके साथ आनंदघनजीभी थे परंतु जयपुरहीसे लौट आये, और इस भ्रातृ विरोधने कुछ ऐसा असर इनके हृदयपर किया कि फिर इन्होंने राज्यगद्दीपर पैर न रक्खा और संवत १८१४ द्वितीय आश्विन शुक्ल १० को अपने कुंवर सरदार सिंहजीको युवराज बना आप आश्विन सु० ११ को श्रीवृंदावन चले गये, उनके हृदयका भाव कैसा बदलगया था यह ये दोहे कहे देते हैं:—

"जहां कलह तहां सुख नहीं, कलह सुखन कौ सूल।
सबह कलह इक राज मैं, राज कलहको मूल॥
मेरे या मन मूढ तैं, डरत रहत हौं हाय।
वृन्दावनकी ओर तैं, मति कबहूं फिरि जाय॥
लेत न सुख हरिभक्तिकौ, सकल सुखनि कौ सार।
कहा भयो नृपहू भए, ढोवत जग बेगार॥
और भौन देखौं न अब, देखूं वृन्दा भौन।
हरिसौं सुधरी चाहिये, सबही बिगरै क्यौंन॥
व्रजमैं व्है व्हैकढत दिन, किते दिये लै खोय।
अब कैं अब कैं कहत ही, वह अब कैं कब होय॥
राज बडे बडे देत हरि, दिनमैं लाख करोर।
पैकाहूको नाहिं वै, खीचत अपनी ओर॥"

संवत १८१० में 'तीर्थानन्द' ग्रंथ बनाया। परंतु यह ग्रंथ संवत १८०८ से आरम्भ होकर संवत १० में पूरा हुआ प्रतीत होता है यदि ऐसा न हो तो इसमें तो संदेह नहीं है कि इन्हीं दो वर्षोंकी कथा इसमें लिखीगई हैं और इसीकी समालोचनामें हमारे पाठक बहुत कुछ समाचार आपके जीवनचरित्रका पावैंगे। इस ग्रंथका आरंभ यों किया है:—

"जब चले स्थिति तें देस आन। बिच किए देवयानी सनान॥" फिर लिखते हैं "पुनि चले तहां तें नाय माथ। परसे गोविन्द गोकुलके नाथ॥ पुनि गालव आश्रम अति अगम्य। जहां भ्रमत फिरत अति मधुप झुंड॥" वहांसे व्रजमें आए। पहिले श्रीगोवर्धन आकर रहे। यहां का वर्णन पाठकोंके सुनने योग्य है:—

"पायन प्रदच्छना दई फेर। बिच रसिकसंग गन गुनी घेर॥ कलगान

कीरतन बन्यों रंग । बड झांझ झनक बाजत मृदंग ॥ बन ग्वाल गऊ चले सुनत साथ ॥ मधु पिवत श्रवन पुट कृष्ण गाथ ॥ सब अनन्य मंडली छकी प्रेम । चित गए भूलि तब मनके नेम ॥ आये चलि तेहि ठां रसिकझुंड । तहँ राधाकुंड अरु कृष्णकुंड ॥ उत तें उमगे सुनि रसिकवृन्द । उठि चले सामुहे बढि आनन्द ॥ तहं रुपे सूर सन्मुख संभारि । बहि चले परस्पर प्रेमवारि ॥ हुंकार शब्द करि गिरि निसंक । कोउ चलत धरनि धुकि भरत अंक ॥ बंसीदास अरु मुरलिदास । मनु महारथी ये प्रेमरास ॥ बिच खेत परे मूर्छित निदान । सोए सर सज्जा गान तान ॥ सुख प्रेम भक्तिको भयो प्रात । मुखसों न कछू है बरन्यो जात ॥ दंपत रस संपत बर बिहार । फिर गाय चले तन मन संभार ॥ परक्रमा दै गिरिवर सुभाय । मधुपुरी चले दुख बिरह छाय ॥"

गिरिराजसे श्रीमथुरामें आए वहां बिश्रांतघाट स्नान किया । सांझको बिश्रांत पर श्रीयमुनाजीकी आरतीकी बड़ी शोभा वर्णनकी है । वहां एक वृद्धा तपस्विनी रहतीथीं, जो केवल दूधही पीतीथीं, उनका दर्शन करके श्रीवृन्दावन आए इस समय इनका नाम चारों ओर फैल गयाथा और इनके प्रेमका आस्वाद प्रेमीमात्रको मिल चुकाथा, क्योंकि श्रीवृन्दावनमें इनको महाराज कृष्णगढ सुनकर तो लोग उदासीन भावसे अलगही अलग रहे परंतु जब सुना कि नागरीदासजी येही हैं तो दौड २ कर श्रीबनके महात्मा लोग लिपट गए ।

" सुनि ब्योहारक नाम मो. ठाढे दूर उदास ।
दौरि मिले भरि नैन सुनि, नाम नागगरीदास ॥

इक मिलत भुजनि भरि दौरि दौरि । इक टेरि बुलावत और और ॥ कोउ चले जात सहजै सुभाय । पद गाय उठत भोगहिं सुनाय ॥ जेपरे धूर मधि मत्त चित्त । तेउ दौरि मिलत तजि रीति नित्त ॥ अतिसय बिरक्त तिनके सुभाव । ते गनत न राजा रंक राव ॥ वे सिमिट सिमिट सब आय आय । फिर छाडत पद पढवाय गाय ॥"

इससे विदित होता है कि उस समयतक इनकी कविताका पूरा प्रचार होगयाथा और महात्मा लोग बडे चावसे पढते और याद करतेथे ।

वहां श्रीबांके विहारीजी ( श्रीस्वामी हरिदासजीके सेव्य ठाकुर ) का दर्शन किया इस समय इनके साथ इनकी पासवान ( उपस्त्री ) बनीठनीजी भी थी और उन्होंने रसिकबिहारीछाप देकर कई एक पद गाये पहिले मुझे सन्देहथा कि उस अव-

सरपर रसिक बिहारी छाप रखकर स्वयं ही पद बनायेथे परंतु कृष्णगढके लेखसे विदित हुआकि रसिक बिहारी छाप उनके पासवान बनीठनजीकी है तब विचार पूर्वक निम्न लिखित कविताके देखनेसेभी यह निश्चय हुआ आप लिखते हैंः—

'बनो विहारिनि रससनी निकट बिहारी लाल ।
पान कियो इन दृगनि तें अनुपम रूप रसाल ॥
तहं पद गाए औसर संजोग । वित्र रसिक बिहारीहीके भोग ॥'

जान पडता है नागरीदासजी बनी ठनीजीको प्रेमसे केवल बनीही कहकर पुकारतेथे और यहभी इससे स्पष्ट है कि वे प्रायः उनको साथ रखतेथे तथा विशेष पर्दा आदिका विचार नहीं करतेथे ।

हम पाठकोंको उनमेंसे एक पद "उत्सवमाला" ग्रन्थसे उद्धृत करके सुनाते हैं । इस छापके तीन पद और चार दोहे उक्त ग्रन्थमें है ।

'कुंजमहलमें आजु रंग होरी हो । फाग खेलमैं बना बनीकी व्है रही पट गठजोरी हो ॥ मुदित व्है नारिगुलाल उडावैं गावैं गारि दुहुंओरी हो । दूलह रसिकबिहारी सुन्दर दुलहिनि नवल किसोरी हो ॥ १ ॥"

यहां यहभी कहे विना नहीं रह सकतेकि इनका प्रेम अधिक हरिवंशी और हरिदासी वैष्णवोंसे था क्योंकि इनके पदोंकी शैली प्रायः उनसे मिलती जुलती है और ये प्रायः श्रीवृन्दावनही में रहतेथे और वहां इन्हीं संप्रदायोंके महात्मा अधिकथे, गोकुलका बर्णन बहुत कम किया है ।

गोधूलक समय ज्ञान गुदरी आए, वहांभी देरतक समाज रहा । वहांसे जमुना पार उतरे ।

"सहि गई दुर्मति दुख असहि, बहि गई बुरी बयार ।
रहि गई ब्रज अवसेर हिय, उतरे जमुना पार ॥"

वहांसे श्रीजमुनाजीका स्नान करके सोरूमें आकर रहे । यह स्थान जिला एटामें है यहां बुढगंगाजीका स्नान किया । यहीं भगवानका श्रीवाराहावतार हुआ है हिरण्याक्षको माराहै । इसका उपनाम उकल क्षेत्र और दूसरा शूकरक्षेत्र है ।

वहां एक नौकरने श्रीगंगाजीके तटपर बकरा मारा इसपर गंगाजीने क्रोध किया वडी बाढ आई फिर नागरीदासजीने स्तुति किया तब शान्त हुई ।

"तहँ किए एक अनुचर अधर्म । तटि हत्यो अजासुत पापकर्म ॥ कछु

क्रोध कियो गंगा कृपाल । दई आन अचानक जल उछाल ॥ भुवकाइ गिरत अररात जोर । अति भयो भयंकर समय सोर ॥ भजि पटकि २ डेरा निकारि । भयभीत सकल कौतिक निहार ॥ जब करी स्तुतिसु सिर नाय पात्र । करिछमा कियो सीतल सुभाव ॥"

दूसरे दिन दीपदान किया ।

वहांसे कपिलाश्रम ( कपिलग्राम ) में आए जहां कपिलदेवजीने तपस्याकी है । वहांसे नावके पुलपर गंगापार उतरे । एक नदी रामगंगा§ और मिलीं उनका स्नान करके धवलागिरिके पास कौसिक नदीके तटपर कमाऊं×में पहुंचे वहां बहुत दिन रहे और वहांसे संधि करके लौटे । हम ऊपर लिख चुके हैं संवत १८०८ में यह ग्रंथ बनना आरम्भ हुआ "जुगल भक्त विनोद" वहीं संवत१८०८ में बनाया है जिसका वर्णन ऊपर है ।

"रहे बहुत दिवस कौसिकी तीर । करि चले तहां तें संधिवीर" फागुन वहीं बीता । ब्रजके फागका ध्यान करते यह वर मांगाकि परसाल अब होरी ब्रज में ही हो यही हुआभी ।

उसी रास्ते से लौटते हुए श्रीवृन्दावनके उस पार रातको पहुंचे । उस

---

W. W. Hunter's gazetteer of India.

§ Ramganga–Eastern—a river in Kumaun district N. W. P. rises on the Southern Slope of the main Hamalayan range at an elevation of 9000 ft above sea level and falls into the Sarju at Rameshwar.

Vol VII 537 Page.

× Kamaun—The Principal District of the Division of the same name. In 1814 it was resolved to annex it to British possessions. At the end of January 1815, every thing was ready for the attack on Kamaun. The first successful event on the British side was the capture of Almora by colonal Nicholson on 26 April 1815. Population 425963 Hindus 5569 Mussalmans in 1872. It has a mild climate. Vol. V 471 Page. Population in 1881 493641.

समय कोई नाव या बेडा न मिला; उधर श्रीवृन्दाबनका वियोग कौन सह सकता था। झट श्रीयमुनाजीमें कूद पडे और तैर कर श्रीवृन्दावन पहुंचे कुछ लोग इनके साथ आए कुछ रह गए। आप यों लिखते हैः--

"देख्यो श्रीवृन्दाविपिन पार। बिच बहत महा गंभीर धार॥ नहिं नाव नहीं कुछ और दाव। हे दई कहा कीजै उपाव॥ रहे वार लगनिकौं लगै लाज। गए पारहिं पूजै सकल काज॥

प्रेमपंथकों पीठ दै, यह जीवौ न सुहाय।
मंगल दिन है आजुकौ, प्रिय सन्मुख जियजाय॥

यह चित्त मांझ करिकै विचार। परे कूद कूद जल मध्यधार॥ चले पैर पैर तरराय धाय। तहां भई लगन सब बिधि सहाय॥ तरि गए तरुन जा दयौ पार। गहि हाथ लए ब्रजनाथ वार॥

वार रहे रहे बार ते, पार भये भये पार।
दरसे वृन्दाविपिन बिच, राधानन्द कुमार॥"

वहांका आनन्द लूटकर दिल्ली आए और यहां सर्वोंसे छुट्टी पा सांसारिक व्यवहारोंको छोड राज्य कुटुंबसे मुंह मोड अकेले श्रीवृन्दावन बास आरम्भ किया। यह समय संवत १८०९ के आरम्भका है। क्योंकि १८०८ का फाल्गुन कमाऊंमें हुआ और बर्षोत्सवका वर्णन आगे चलकर इस ग्रंथमें किया है उसके उपरांत अर्थात् वर्ष दिन श्रीब्रजमें रहने पीछे संवत १८१० के माघमें यह ग्रंथ "तीर्थानन्द" पूराहुआ है।

आप दिल्लीका वृत्तांतयों लिखते हैंः—

"फिर बहे बीच राजस प्रवाह। गए इन्द्रप्रस्थ हिय विरह दाह॥ दिल्ली दिवार कहकहा धाम। लियो फेरि तहां ते मोहि श्याम॥ तजि दयो तहां सब प्रवृत संग। भयो ब्रज सनमुख फिरी बढयो रंग॥ जब कह्यो सुता लडकाय भाय। लयो बोलि मोंहि वृषभानुराय॥ तब चले चरन बरसाने ओर। किए पैंड पैंड तीरथ करोर॥"

आगे फिर लिखते हैंः—

"ऐसो बरसानो निरखि, गहवर आयो प्रेम। करत दंडवत लुटतरज, छुटि गए राजस नेम॥"

इसके आगे आषाढ फिर सावनमें हिंडोलाका वर्णन बरसानेमें किया है फिर

भादोंमें श्रीकृष्ण जन्मोत्सव नंदगांवमें और ललिता जन्मोत्सव करेला गाममें किया वहांसे सुनहराकी कदमखंडीमें दानलीलाका अनुभव किया फिर भादों सुदी सप्तमीको बरसानेंमें आकर श्रीराधाजन्मोत्सवका दर्शन किया। नवमीको मोरकुटी, दानगढ, मानगढ, की लीला देखी; दशमी कोकिलावन, फिसलनीशिला, सांकरीखोंरमें दानलीला श्रीवृन्दावन, आश्विन मासमें सांझी, शारदीय पूर्णिमा, रासोत्सव देखा।

कार्तिक कृष्ण सप्तमीको श्रीराधाकुंड आए। दीपमालीका और अन्नकूट श्रीगिरिराजमें किया। गोपाष्टमीको नंदगावमें। अगहन और पूस बरसानेंमें रहे। बरसानेमें बसन्त और होली किया। होली वर्णन बडी धूमसे किया है। चैत्र बैशाष जेठका वर्णन कुछ नहीं किया यही लिषा दियाः--

" मधु माधव जेठोत्सव, याते बरन्यो नाहिं।
एक फाग आगें जिते, सब फीके दरसाहिं ॥ "

अंतमें इन दोहोंके साथ " तीर्थानंद " को पूरा किया है।

" गौर सांवरे रसिक दोउ, यह दीजे सुख रास।
कबहुं नागरीदास अब, तजै न ब्रजको वास ॥
माघ अष्टदससतजु दस, बिच वृन्दावन वास।
ग्रंथ तीर्थानन्द यह, कियो नागरीदास ॥ "

## नागरीदासजीके बनाए ग्रंथ इतने हैं

( १ ) सिंगारसार वा ब्रजलीलापदप्रसग
( २ ) गोपीप्रेमप्रकाश ( सं १८०० )
( ३ ) पद प्रसंग माला
( ४ ) ब्रजवैकुंठ तुला ( सं १८०१ )
( ५ ) ब्रज सार ( सं १७९९ )
( ६ ) भोर लीला
( ७ ) प्रातरस मंजरी
( ८ ) बिहारचंद्रिका ( सं १७८८ )
( ९ ) भोजनानन्दाष्टक
( १० ) जुगलरस मंजरी
( ११ ) फूल विलास
( १२ ) गोधन आगमन
( १३ ) दोहन आनन्द
( १४ ) लग्नाष्टक
( १५ ) फाग विलास
( १६ ) ग्रीष्म विहार
( १७ ) पावस पचीसी
( १८ ) गोपी बैन विलास
( १९ ) रास रस लता
( २० ) रैन रूपरस
( २१ ) शीतसार
( २२ ) इश्क चिमन

(२३) मजलिस मंडन
(२४) अरिलाष्टक
(२५) सदाकी मांझ
(२६) वर्षाऋतुकी मांझ
(२७) होरीकी मांझ
(२८) कृष्णजन्मोत्सव कवित्त
(२९) प्रियाजन्मोत्सव कवित्त
(३०) सांझीके कवित्त
(३१) रासके कवित्त
(३२) चांदनीके कवित्त
(३३) दिवारीके कवित्त
(३४) गोवर्धनधारनके कवित्त
(३५) होरीके कवित्त
(३६) फाग गोकुलाष्टक
(३७) हिंडोराके कवित्त
(३८) वर्षाके कवित्त
(३९) भक्ति मगदीपिका (सं१८०२)
(४०) तीर्थानन्द (१८१०)
(४१) फाग विहार (सं. १८०८)
(४२) बालविनोद (सं. १८०९)
(४३) सुजनानन्द (सं. १८१०)
(४४) बन विनोद (सं. १८०९)
(४५) भक्तिसार (सं. १७९९)
(४६) देहदसा
(४७) वैरागवल्ली
(४८) रसिक रत्नावली (सं १७८२)
(४९) कलि वैराग वल्लरी (सं.१७९९)
(५०) अरिलपचीसी
(५१) छूटकविधि
(५२) पारायणविधिप्रकाश (सं१७९९)
(५३) सिखनख
(५४) नखसिख
(५५) छूटक कवित्त
(५६) चरचरियां
(५७) रेखता
(५८) मनोरथ मंजरी (सं. १७८०)
(५९) रामचरित्र माला
(६०) पद प्रबोध माला
(६१) जुगलभक्ति विनोद (सं.१८०८)
(६२) रसानुक्रमके दोहा
(६३) शरदकी मांझ
(६४) सांझी फूल बीनन समेत सम्वाद
(६५) बसन्त वर्णन
(६६) फाग खेलनसमेतानुक्रम कवित्त
(६७) रासानुक्रमके कवित्त
(६८) निकुंज विलास (सं. १७९४)
(६९) गोविन्द परचई
(७०) बनजनप्रशंसा (सं. १८१९)
(७१) छूटक दोहा
(७२) उत्सव माला
(७३) पदमुक्तावली

(७४) बैन विलास
(७५) गुप्तरस प्रकाश

कृष्णगढके कवीश्वरजी लिखते हैं कि इनदोनों ग्रंथोंका नाम नागरीदासजीके ग्रंथावलीमें है परंतु यहां मिलते नहीं।

इनमेंसे जिनका समय ग्रंथोंमें दिया है उसे उद्धृत करते हैं ।

मनोर्थमंजरी ( नं० ९८ )

दोहा । संवत सतरासै असी, चौदस मङ्गलवार ।
प्रगट मनोरथ-मंजरी वदि आसू अवतार ॥

रसिकरत्नावली ( नं० ४८ )

दोहा । सत्तरै सै वइयासिये, भादो सुदि भृगु वार ।
तिथि परिवा कीनी इहै, लीजो सन्त सुधार ॥

विहारचंद्रिका ( नं० ८ )

दोहा । सत्तरै सै अठ्यासिया, संवत सावन मास ।
नव विहार यह चन्द्रिका, करी नागरीदास ॥

कलिवैरागवल्ली ( नं० ४९ )

दोहा । सत्तरासै पच्याणवें, संवत सावण मास ।
कलिवल्लीवैरागकी, करी नागरीदास ॥

भक्तिसार ( नं० ४५ )

कुण्डलिया । सुख पायौ पूरन भयें, ग्रन्थ जु भाषा चार ।
सतरासै निनांनवै, द्वैज द्यौस गुरुवार ॥
द्वैज द्योस गुरुवार मास सावन मन भावन ।
कृष्णपक्ष सुभ मन्त्र सन्त जन श्रवन सुहावन ॥
भक्ति सार उचार कियौ निज मन समुझायौ ।
नागरी दास न कहूं विमुष काहू सुख पायौ ॥

पारायणविधि प्रकाश ( नं. ५२ )

दोहा । सत्तरैसै निनांनवै, संवत सावन मास ।
पारायन जु प्रकास-विधि कियौ नागरीदास ॥

व्रजसार ( नं. ५ )

दोहा । सत्तरैसै निनांनवै, पोस जु सुदि रवि-वार ।
नौमी नागरीदास यह कियो ग्रन्थ व्रज-सार ॥

गोपीप्रेमप्रकाश ( नं. २ )

दोहा । संवत अठारैसै सुकल पक्ष जेठ सुभ मास ।

गोपीप्रेमप्रकाश यह, कियौ नागरीदास ॥

व्रज वैकुंठतुला ( नं. ४ )

दोहा । संवत अठारैसै जु इक, दिन वसन्त सुभ मास ।
व्रज बैकुण्ठ तुला कियौ, ग्रन्थ नागरीदास ॥

भक्तिमगदीपिका ( नं० ३९ )

दोहा । संवत अष्टदस सतजु द्वै, क्वार तीजगुरुवार ।
रूप नगर विचि कृष्णपक्ष, भयौ ग्रन्थ विस्तार ॥

फागविहार ( नं० ४१ )

दोहा । संवत अष्टदस सतजु पुन, अष्टवर्ष मधु मास ।
ग्रन्थ गङ्गतटि कृष्णपक्ष, कियो नागरीदास ॥

जुगलभक्तिविनोद ( नं० ६१ )

दोहा । अष्टादस सत अष्ट पुनि, संवत माघ सुमास ।
जुगल भक्ति गुन ग्रन्थ यह, कियो नागरीदास ।
निकट कमाऊं पर्वतनि, विकट विटपकी भीर ।
तहां ग्रन्थ रचना भई, नदी कौसिकी तीर ॥

बनविनोद ( नं० ४४ )

दोहा । समत अठारह सौ जु नव, कृष्णपक्ष मधु मास ।
बन बिनोद कल ग्रन्थ यह, कियो नागरीदास ॥

बालविनोद ( नं० ४२ )

दोहा । समत अष्टदस सत जु नव, मास असुनि भृगुवार ।
तिथि षष्ठमिं अरु शुक्लपक्ष, रच्यौ ग्रन्थ विस्तार ॥

तीर्थानन्द ( नं० ४० )

दोहा । माघ अष्टदस सत जु दस, विचि वृन्दावन वास ।
ग्रन्थ तीरथानन्द यह, कियौ नागरीदास ॥

सुजनानन्द ( नं० ४३ )

दोहा । समत अष्टदस सत जु दस, बरसानै वास ।
ग्रन्थ सु-सुजनानन्द यह, कियो नागरीदास ॥

वनजन प्रशंसा ( नं० ७० )

दोहा । अष्टादस सत दस जु नव, संवत माघ सु मास ।
वन जन-प्रसन्स ग्रन्थ यह, कियौ नागरीदास ॥

सबसे पहिला ग्रन्थ जो इनका मिला वह मनोर्थमंजरी जो सं० १७८० में बना, दूसरा रसिकरत्नावली सं० १७८२ में तीसरा 'विहारचंद्रिका" संवत१७८८ में बना ।

इस समै जैसी सुन्दर और प्रौढ कविता आपकी है उसे हम अपने पाठकोंको "विहारचंद्रिका" का एक अंश लेकर सुनाते हैं इसीसे वे सारे ग्रंथका गौरव समझलेंगें ।

"उज्जल पक्षकि रैन चैन उज्जल रस दैनी ।
उदित भयो उडराज अरुन दुति मन हर लैनी ॥
महा कुपित व्है काम ब्रह्म अस्त्रहिं छोड्यौ मनौं ।
प्राची दिसि तें प्रजुलित आवति अगिनि उठी जनौं ॥
दहन मानपुर भए मिलनकों मनहुलसावत ।
छावत छिपा अमन्द चन्द ज्यों ज्यों नभ आवत ॥
जगमगाति वन जोति सोत अमृतधारासे ।
नवद्रुम किसलय दलनि चारु चमकत तारासे ॥
स्वेत रजतकी रैन चैन चित मैन उमहनी ।
तैसी मन्द सुगन्ध पौन दिनमनि दुख दहनी ॥
मधिनायक गिरिराज पदिक वृंदावन भूपन ।
फटिकसीला मनि शृंग जगमगति दुति निर्दूषन ॥
सिला सिला प्रति चन्द चमकि किरननिछवि छाई ।
बिच बिच अम्ब कदम्ब झम्ब झुकि पायनि आई ॥
ठौर ठौर चहुं फेर ढेर फूलनके सोहत ?
करत सुगन्धित पवन सहज मन मोहत जोहत ॥
विमल नीर निर्झरत कहूं झरना सुख करना ।
महा सुगन्धित सहज वास कुमकुममद हरना ॥
कहुं कहं हीरन खचित रचित मंडल सु रासिके ।

जटित नगन कहुं जुगल खम्भ झूलनि बिलासिके ॥
ठौर २ लखि ठौर रहत मनमथ सोभारी ।
बिहरत विविध विहार तहां गिरिपर गिरि धारी ॥
दोहा । कहत कहत कहँ लगि कहै, अब कवि छबि अभिराम ।
प्रिया कमल पद परस हित, धरचो रूपगिरि श्याम ॥ १ ॥

नागरीदासजीकी सभामें निम्न लिखित कवि वर्तमानथे ।

१ प्रसिद्ध कवि वृन्द ( जिनकी बनाई वृन्दसतसई है ) के, पुत्र वल्लभजी, इनको महाराज नागरीदासके पिता महाराज राज सिंहजीने "सुकवि" की पदवीदी थी, अतएव ये सुकवि वल्लभ कहलातेथे ।

२ पूरबकी ओरके रहनेवाले सनाढ्य हरिचरणदासजी, इनके बनाए ग्रंथ सभाप्रकाश, कवि वल्लभ ( इन दोनों ग्रंथोंमें काव्य प्रकाशका ठीक ठीक उलथा किया है ) बिहारी सत सईकी "हरिप्रकाश" नामक टीका, रसिकप्रियाकी टीका, कविप्रियाकी टीका इत्यादि हैं ।

३ करौलीके सनाढ्य हीरालालजी. इनका बनाया "सिरदार सुजस" नामक ग्रंथ है, जिसमें महाराज नागरीदासजीके अनुज महाराज बहादुरसिंहने जब राज्य छीन लियाथा और नागरीदासजीने अपने पुत्र सरदारसिंहजीके साथ कुमाऊं आदि प्रदेशमें जाकर मरहठोंको लाकर अपना राज्य लिया उसका वृत्तांत लिखा है ।

४ मुंशी कनीरामजी, इनके मीर मुंशी थे, कवीभी थे ।

५ कल्लाह पन्नालालजी, कविथे

६ वैष्णव विजय चन्दजी, कविथे

७ बनी ठनीजी, जिनका वर्णन ऊपरहो चुका हैं ।

८ दाहिवां बिजय रामजी , कवि थे ।

९ बाहरके बहुतेरे कवि पंडित आतेथे, जिनमेंसे नरवर गढके राव उदयनाथजी

---

१ वृन्द-No. 837 The Modern Literature of Hindustan.

२ हरिचरणदास-No. 939-Do.

३ हीरालाल-No. 948-Do.

बहुत प्रसिद्ध थे इन्होंने नागरीदासजीके सिंहके शिकारका एक ग्रंथ बनाया है इनमेंसे डाक्टर ग्रिअर्सन और शिवसिंहने केवल पहिले लिखे तीन कवियोंका यत्किंचित वर्णन किया है परंतु प्रायःसमयमें भ्रम है और वर्णनभी नाम मात्र है।

अन्तमें बनजनप्रशंसक ग्रंथसे श्रीवृन्दावन वासपर नागरीदासजीके हृदयमें कैसा संतोष इस पदमें झलकता है।

"हमारी सबही बात सुधारी।
कृपा करी श्रीकुंजविहारिनि अरु श्रीकुंजविहारी।
राख्यो अपने वृन्दावनमें जिहिको रूप उंज्यारी।
नित्त केलि आनंद अखंडित रसिक संग सुखकारी॥
कलह कलेस न व्यापै इहिठां और विश्वतें न्यारी।
नागरीदासहिं जनम जिवायौ वलिहारी वलिहारी॥ १॥"

"व्रज सम्बन्ध" ग्रन्थसेः—

"सांचो मित्र गोपाल है मेरो परम पियारौ।
जिहिं दीनौ व्रजवासलै वैकुंठ तें भारौ॥
निज साधनको संग दयोनीकेते नीकौ।
जाके पटतर क्यों लगे सुख स्वर्गको फीकौ॥
राज कलहके मूलको विष अमल छुटायौ।
नागरियावृन्दाविपुल रस अमृत प्यायौ॥ २॥"

हम इन महानुभाव प्रेमरस छके महात्माका चरित्र उन्हीके इस छप्पयके साथ समाप्त करते हैं।

"धनि वह कुल धनि नगर धन्य वह देस सुमंडल।
धन्य खंड वह द्वीप धन्य वह सकल महीतल॥
धन्य धन्य सबलोक होत जेहि पावन पावन।
मुख रसना वह धन्य करत तिनकौ गुन गावन॥
जाकी महिमा कहि सकै को कवि नागर मध्य छित।
करत धन्य इन नैनिको जेहि उर प्रेमानन्द नित"॥ १॥

वर्तमान महाराजाधिराज महाराज श्रीश्रीश्री १०८श्री श्रीशार्दूलसिंहजीम.

श्रीः ।

नृत्यगोपालो जयतितराम् ॥

# अथ छप्पनभोगचंद्रिका

## लिख्यते ॥

## तत्रादौपूर्वार्द्धं

॥ दोहा ॥ चरनकंजअशरनशरन, हरनअमितअपराध ॥ वंदौंश्रीगुरुदेवके, देवहुबुद्धिअगाध ॥ १ ॥ श्रीजीनृत्यगुपालके, चरनकमलउरधारि ॥ छप्पनभोगउछाहको, रचौंग्रंथसुखकारि॥२॥ कृष्णगढ्ढपतिराठवर, श्रीशार्दूलनरेश ॥ तिनकेअनुजजवानसिंह, पालकधर्महमेश ॥ ३ ॥ तिनकीनौंआनंदसौं, छप्पनभोगउछाह ॥ श्रीकल्यानसुरायके, चरनकमलचितचाहि ॥ ४ ॥ नृपजवानमहाराजहिय, छप्पनभोगहुलास ॥ कीनोपूरनचंदसो, जगमेंपरमप्रकाश ॥ ५ ॥ जहांदीखतहैचंद्रिका, तहांहीचंदलखाय ॥ सोचिवांचियोंग्रंथतैं, भईबातलखिजाय ॥ ६ ॥ छप्पनभोगसुचंद्रिका, नामग्रंथकोदीन ॥ हरिसँबंधगुनसमझिकैं, लेऊसराहप्रवीन ॥ ७ ॥

कृष्णगढ्ढमहाराजके, गृहमेंहौंनिधिपांच ॥ तिनकीनिजवार्ताप्रथम, कहौंगहैंपनसांच ॥ ८ ॥ नृपवंशजुपुनिवर्निहौं, प्रभुवार्ताअनुसंग ॥ पूत्रारधमेंप्रेमधरि, कहिहौंपरमप्रसंग ॥ ९ ॥ प्रथमहिवर्ननकरत हौं, सुंदरताकोदेश ॥ श्रीकल्यानसुरायकी, निजवार्ताकौंवेश ॥१०॥ श्रीजीअरुश्रीनाथजी, नामग्रंथमधिआहि ॥ जहांकल्यानसुराय को, जानऊनामसराहि ॥ ११ ॥ छप्पय ॥ जयतिजयतिकल्या नरायकलिमलदुखभंजन ॥ जयतिजयतिबकबकीअसुरकंसादि विभंजन ॥ जयजयमुरलीमधुरनादकरिब्रजजनरंजन ॥ जयजय रासविलासरसानंदितमुनिमंजन ॥ जयजयतिरूपगिरिराजधरज यसुरपतिमदभंगकिय ॥ जयनंदसंगवृषभानगृहभोगरागअनुराग लिय ॥ १२ ॥ दोहा ॥ यानिधिकोआगमसरस, नगरकृष्णगढ जांनि ॥ भयोसुजैसीरीतिसौं, सोसबकहौंबखांनि ॥ १३ ॥ श्रीव ल्लभआचार्य प्रभु, कृष्णसुमुखअवतार ॥ तिनकेविठ्ठलनाथ प्रभु, गोस्वामीसुउदार ॥ १४ ॥ सप्तपुत्रतिनकेभये, तिनमेंश्रीटीकैत ॥ गिरधरलालकृपालहैं, मायावादविजैत ॥ १५ ॥ गिरधरकेसुतत्र यभये, श्रीमुरलीधरज्येष्ठ ॥ दामोदरहैंदूसरे, सबगुनसौंअतिश्रेष्ठ ॥ ॥ १६ ॥ अतिसुंदरहैंतीसरे, दीक्षितगोपीनाथ ॥ पुष्टिधर्मपालक बनी, बढीसुजसकीगाथ ॥ १७ ॥ तिनकेचरनसरोजकी, शरन गहीसुखमान ॥ कृष्णगढ्ढपतिराठवर, रूपसिंहराजान ॥ १८ ॥ सतरैंसैंअरुच्यारमें, लियोमंत्रउपदेश ॥ लखिगोवर्द्धननाथकौं, द

१ छप्पनभोगका मनोर्थ किया जाता है जिसकी भावना यह है कि श्रीकृष्णचंद्र नंदरायजीके साथ वृषभानजीके पाहुने पधारे हैं. ।

रस्योसबव्रजदेश ॥ १९ ॥ मंत्रजपतहरिभक्ति रस, लीनभयोमन मीन ॥ स्वपनेमेंश्रीनाथजी, दर्शनआज्ञादीन ॥ २० ॥ मोस्वरूपपधराहु अब, रूपसिंहतुवगेह ॥ यहसुनिउठिमनचकितव्है, कीनविचारजुएह ॥ २१ ॥ यहैलाभगुरुदेव विन, कोकरिसकैंप्रवीन ॥ रूपसिंहकरजोरि तब, इकदिनविनतीकीन ॥ २२॥ जैजैंप्रभुकीजैं सफल, मोहिमनोरथसिद्ध ॥ सेवाकेहितदीजियैं, हरिस्वरूपकीनिद्ध ॥ २३ ॥ दीक्षितगोपीनाथ प्रभु, आतुरदासहिचीन ॥ निजजनपैंवात्सल्यकरि, ऐसैंआज्ञाकीन ॥ २४ ॥ सोरठा ॥ सीखेसब शृंगार, सातौंबालकप्रथमही॥ हैंस्वरूपसुखसार, विठ्ठलप्रभुकेसमयको ॥ २५ ॥ जावहुलेहुनिहार, आज्ञासुनितबनृपचले ॥ छकिगयेरूपनिहार, लखिस्वरूपश्रीनाथको॥२६॥ अनुभवभयोअमाव, तबहीनृपकेहृदयमें॥ पहिलैंदियदरसाव, स्वपनेमेंश्रीनाथजी॥२७॥ ॥ दोहा ॥ नृपदरशनकरिगुरु निकट, कीनीविनतीजाय ॥ यही स्वरूपकृपालुमो, दीजैंशिरपधराय ॥ २८ ॥ श्रीदीक्षितगोस्वामि प्रभु, निजजनकौंअपनाय ॥ श्रीजीकेसुस्वरूपकौं, दियेशीसपधराय ॥ २९ ॥ दामोदरभटसंग दिय, सेवारीतिसुहेत ॥ तासौंनृपसमझीसबैं, सेवारीतिसचेत ॥ ३० ॥ विदामांगिगुरुसौंचले, चितमेंअतिशचुपाय ॥ अतिउमंगकरिकैंनृपति, श्रीजीसंगपधराय ॥ ॥ ३१ ॥ दरमजलैंमुकामकरि, सेवाकरतसप्रेम ॥ पधरायेनिजदेशमें, साधतनवधानेम ॥ ३२ ॥ मांडलगढपधरायकैं, मंदिरसिद्धकराय ॥ सबसाहित्यबनायकैं, चित्तबीचहरपाय ॥ ३३ ॥ सतरैंसैंइग्यारहैं, संवतमाघसुमास ॥ कृष्णपक्षतिथिप्रतिपदा, पाटो

त्सवसुखरास ॥ ३४ ॥ मांडलगढकेपरगनै, भटखेडीइकगाम ॥ दामोदरभटकौंदियो, रूपनृपतिअभिराम ॥ ३५ ॥ रूपसिंहम हाराजके, ताहिसमयकेमांहि ॥ मांडलगढमेवारको, हुतोअमलके मांहि ॥ ३६ ॥ मांडलगढमेवारको, जैसैंआयोहाथ ॥ रूपसिंह महाराज के,सोसुनियेंअवगाथ ॥ ३७ ॥ कृष्णगढ्ढकेनिकटइक, खोडांकोगिरिआहि ॥ विकटदुर्गतहांरचन नृप, कियआरंभसरा हि ॥ ३८ ॥ दिल्लीपतिश्याज्याहजू, यहैं खबरसुनिलीन ॥ रूपनृ पतिसौंजबकही, किंहिंकारनयहकीन ॥ ३९ ॥ रूपसिंहकीनीतवैं, दिल्लीपतिसौंअर्ज ॥ राजारानागढविनन, करतब्याहकीगर्ज ॥ ॥ ४० ॥ बन्योबनायोगढतुम्हैं, दैहौंकहिनृपईश ॥ मांडलगढमेवा रको, करिदीनौंबखसीस ॥ ४१ ॥ मांडलगढहीकोवतन, देशाधि पकरिदीन ॥ तासौंतहांश्रीनाथको, मंदिरसिद्धसुकीन ॥ ४२ ॥ मांडलगडमेंनृपकियो, छबिसौंछप्पनभोग ॥ भयेप्रसन्नश्रीनाथजी, छप्पनभोगअरोग ॥ ४३ ॥ तनमनधनसुसमर्पिकैं, भूपतिरूपव लिष्ट ॥ छप्पनभोगछकायकैं, कियेप्रसन्नानिजइष्ट ॥ ४४ ॥ श्रीक ल्यानसुरायप्रभु, होयभक्तआधीन ॥ रूपसिंहमहाराजसौं, सानु भावताकीन ॥ ४५ ॥ तिनप्रसंगकौंसुनतही, व्हैहैंसुखमेंलीन ॥ जिनजनकोमनव्हैंरह्यो, भक्तिसिंधुरसमीन ॥ ४६ ॥ जिंहिंठांजे सीसमयमें, जवैंभयोजिंहिंढंग ॥ लिख्योलख्योदफतरमहीं, सोइ कहुनियप्रसंग॥४७॥ देशाधिपश्याज्यांहको, आयोजबफरमान ॥ श्रीजीकौंपधरायसंग, कीनौंनृपतिप्रयान ॥ ४८ ॥ रहतभयेकेतेदि वस, दिल्लीपतिकेदेश ॥ एकदिवसऐसीभई, अद्भुतवातविशेष ॥ ४९ ॥

रूपनृपतिकेहृदयमें, नवधासाधतनेम ॥ प्रेमभक्तदशमीभई, प्रभु पोषकाजिंहिंप्रेम ॥ ५० ॥ श्रीजीकेशृंगारकौं, करतभयेरसलीन ॥ राजकाजकीबातकी, जहांकछुजातकहीन ॥ ५१ ॥ असवारीदि ल्लीशकी, निकसीआयअचान ॥ तबश्रीजीनिजरूपकिय, रूप सिंहराजान ॥ ५२ ॥ रूपसिंहकोरूपधरि, दिल्लीपतिपैंजाय ॥ नजरकरीतदश्याज्यहां, मुदरीदईसुहाय ॥ ५३ ॥ सेवासौंअवसर भयो, तबैंकरीसबअर्ज ॥ देशाधिपइंहिराहगो, कोजानैंकिंहिंग र्ज ॥ ५४ ॥ इतनेमेंदेशाधिपति, आयेयाहीराह ॥ तबैंजायकीनी नजर, रूपसिंहनरनाह ॥ ५५ ॥ रूपसिंहअतिशीघ्रतैं, देशाधि पकेपास ॥ गयेतबैंदेशाधिपति, कीनौंयहैंप्रकास ॥ ५६ ॥ पाहि लैंभीतुमरूपसिंह, करीनजरयहांआय ॥ दईअंगूठीहमतुमैं, करी नजरफिरआय ॥ ५७ ॥ अनुभवकरिहियमेंलख्यो, यहहरिहीको मर्ज ॥ अद्भुतसुनिधोरजधरी, करीमाधुरीअर्ज ॥ ५८ ॥ हरिगुरु स्वामीकेनिकट, जबजबसनमुखजाय ॥ भेटनजरनोछावरसु, क रियेंअतिहरषाय ॥ ५९॥ शिविरआपनेआयकैं, रूपसिंहनरनाथ॥ श्रीजीसौंविनतीकरी, दीजेमुंदरीनाथ ॥ ६० ॥ सिंहासनसौंउछरि तब, परीअंगूठीआय ॥ प्रेमविवसव्हैंनृपतिजब, लीनींहियेंलगाय ॥ ॥ ६१ ॥ यौंसबभृत्यनकौंकही, करियैंप्रकटनयांहि ॥ वहिमुंदरी कीउर्वशी, करिवाईनृपचाह ॥ ६२ ॥ श्रीजीकेधारननृपति, कर वाईहरषांहि ॥ वहउर्वशिअद्यापिहैं, हाजरभूषनमांहि ॥ ६३ ॥ यह अद्भुतनहिंमानियैं, समझिभजनकीरीति ॥ प्रभुरच्छकहैंभक्तके,

१ फोजके मुकामके डेरे.

जोसेवैंधरिप्रीति ॥ ६४ ॥ प्रेमसुभक्तिप्रभावतैं, भक्तहोतहरिरूप ॥ यहअद्भुतश्रीजीधरयो, रूपसिंहकोरूप ॥ ६५ ॥ रूपसिंधकेत बभयो, जोविचारचितमांहि ॥ सोप्रकाशकविजयकरत, सुनियैंर सिकउमांहि ॥ ६६ ॥ दिल्लीपतिकीनजरको, ममहितप्रभुकौंखेद ॥ तासौंअवनिजदेशमैं, पधरावैंविनखेद ॥ ६७ ॥ यहैंमनोरथधारि मन, रूपसिंहनरनाह ॥ प्रभुकीप्रभुतासमझिचित, वाहवाहकहि वाह ॥ ६८ ॥ कृष्णगढ्ढउत्तरदिशहि, नामकवेराग्राम ॥ ग्रामववेरा मधिहुतो, भारमल्लकोधाम ॥ ६९ ॥ भारमल्लकेपुत्रयह, रूपसिं हअभिराम ॥ नगरवसायोप्रथमतहां, रूपनगरदियनाम ॥ ७० ॥ प्रपितारूपनरेशके, कृष्णसिंहमहाराज ॥ कृष्णगढ्ढनिजनामपैं, जैसैंकिययहसाज ॥ ७१ ॥ सतरैंसैअरुपांचमें, दइरूपनगरनीं व ॥ किलाकोटसबसिद्धिभो, वीरसुखदकीसीव ॥ ७२ ॥ गढमेंमं दिरसिद्धकिय, याअवसरकौंपाय ॥ अरुजलकीइकवापिका, क रिवाईसुखदाय ॥७३ ॥ यहसवसिद्धभयेतवैं, मनमैंधारिउत्साह ॥ रूपनगरश्रीनाथजी, पधरायेनरनाह ॥ ७४ ॥ छप्पय ॥ जयपु रपोत्तमरूपजयतिजयगिरिवरधारी ॥ जयजयव्यापकब्रह्मजयति जयकुंजबिहारी ॥ जयजयशुचिरसरूपजयतिजनमनअनुहारी ॥ जयविट्ठलेशसुतसप्तखेलसेवाकेध री ॥ जयरूपसिंहनरईशकेशी सविराजेआंनकैं ॥ कल्यानरायवरनामसौंरूपनगरब्रजमानकैं ॥ ॥ ७५ ॥ दोहा ॥ मंदिरकेसनमुखमहल, अपनेरहिवेहेत ॥ नृपव नायरहनेलगे, जवैंअनवसरलेत ॥ ७६ ॥ औरबातकहांलौंकहौ, से वाहितजेकीन ॥ नितगागरजलपानकी, वापीसौंभरिलीन ॥ ७७ ॥

तनमनधनसौंप्रीतकरि, साधेनवधानेम ॥ सर्वस्वात्मनिवेदनसु, भक्तिकरीकरिप्रेम ॥ ७८ ॥ नवधाभक्तिप्रभावको, बर्ननकियकविवृंद ॥ वहिकवित्वयहांलिखतहौं, मोमनधरिआनंद ॥ ७९ ॥ कविवर्यवृंदजीकृतमहाराजश्रीरूपसिंहजीकीवचनिका तामेंनवधानभक्तिकेकवित्वहैं वेहीयहांलिखेहैं ॥ नवधाभक्ति ॥ तत्रादौश्रवणभक्ति ॥ वचनिका ॥ प्रथम श्रीगिरिधरीजूकी श्रवनभक्ति जैसैं करी परीक्षित हितचित ॥ तैसैं राजारूपसिंह हरि गुन श्रवन करत नितनित ॥ कवित्त ॥ सागरसुधारकोहरिजसकोउजागरहैंनिर्मलरतनगुनआगरधरतहैं ॥ तापहरैंपापहरैंविषयविलापहरैंकलिकेकलापहरैंआनंदभरतहैं ॥ श्रवनसुदर्नेकेकटोरानसौंभरिभरिअचवतअतिहीयहौंसनहरतहैं ॥ भूपतिपरीक्षितज्यौंभूपरूपनितप्रतिभगतिसौंभागवतश्रवनकरतहैं ॥ १॥८०॥ गुनकीर्त्तन ॥ वचनिका ॥ दूजैं भगति श्रीनारायन गुन कीरतन ॥ जासैं जाको निह चल मन पूरनपन ताको कीजें बर्नन ॥ कवित्त ॥ आतमतरनपरमातमकरनसममहातमहरनमहातमबतायोहैं ॥ अशरनशरनशरनताकैंकोऊआंनधरनिधरनहूनजाकोपारपायोहैं ॥ पलपलछिनछिनप्रतिदिनप्रतिरैनसुपनसुपनहूमेंभूलिनभुलायोहैं ॥ रूपभूपभगतिसूंभागवतसुनिसुनिशुकमुनिकीसीधुनिहरिगुनगायोहैं ॥ २ ॥ ८१ ॥ पूजन भक्ति ॥ वचनिका ॥ एक भगति हरिपद कंजनको पूजन जैसैं करैं भक्तजन ॥ जैसैं राजापृथु भगति करी तैसैं राजा रूपचित धरी ॥ कवित्त ॥ एनसारघनसारकुंकुमउवटिअंगगंगजलसौंन्हवाइतामैंमनदीनौंहैं ॥ वसनबनाइनगभूषनबनाइतनचंदनचढाइरुचिरु

चिरसभीनैंहैं ॥ पुहपचढाइवनमालापहराइधूपदीपदरसाइबालभो
गआगेंकीनौंहैं ॥ पृथ्वीपतिपृथुजैसैंप्रभुपदपूजिपूजिरूपभूपपूजन
भगतिफललीनौंहैं ॥ ३ ॥ ८२ ॥ स्मर्नभक्ति ॥ वचनिका ॥ और
एक भक्ति हरि सुमिरन तामैं दीजैं मन जैसैं सावधान भये प्रह-
लाद ॥ तैसैं राजा रूप पायो भक्ति सुधाको सवाद ॥ कवित्त ॥
गुरुउपदेशपाइ औरोविसराइ ताहिविसरचोनछिनहियपाटीमांहिप
ढचोहैं ॥ करिमनमनकासुरतिसूतशुद्धकरिब्रह्मगांठिदेकैंकरीमाला
चाउचढचोहैं ॥ रैनदिनरसरसीरसनातैंछिनछिनफेरफेरफिरिफिरि
यहैंरटरढचोहैं ॥ रूपप्रहलादजैसेंधरिधरहरिओरनामपरिहरिगिरि
धरनामपढचोहैं ॥ ४ ॥ ८३ ॥ चरनसेवन भक्ति ॥ वचनिका ॥
और एक भक्ति चरन सेवन करन ॥ सुख करन दुःख हरन
ताको जैसैं कमलाकैंपन ॥ जासौं तैसैं अनुरागी भयो रूपमन ॥
॥ कवित्त ॥ करिथिरताईपरिहरिकैंअथिरताईसेवतसदाईसुखवेदमु
खभाख्योहैं ॥ परमसुवासपरिपूरनप्रकाशवासिताहीमैंविलासऔर
कौंनअभिलाख्योहैं ॥ कोमलअमलप्रेमरससौंसरसभरेसोईरसअमि
तसुचितचितचाख्योहैं ॥ भूपरूपसिंहकमलाज्यौंकमलापतिकेच
रनकमलकेशरनमनराख्योहैं ॥ ५ ॥ ८४ ॥ वंदन भक्ति ॥ वच
निका ॥ बहुरौं एक वंदन भगति ॥ अति हित सहित अलस र
हित जैसैं करी अक्रूर नितप्राति ॥ तैसैं राजा रूप करी दंडवति ॥
॥ कवित्त ॥ तनकरिमनकरिवचनरचनकरिनयननिहारिअनुहारिचि
तधरीहैं ॥ पदजानुउराशिरभूमिसौंछुवाईअतिमूरतिमधुरसौंसुमति
अनुसरीहैं ॥ प्रभुपदकंजनपरासिकरकंजनसौंऐसैंदंडवतराचिरचि-

रुचिभरीहैं ॥ पूरिपूरिहितनितप्रतिहीअक्रूरजैसैंभूपरूपबंदनभग
तिभलीकरीहैं ॥ ६ ॥ ८६ ॥ दास्यभावभक्ति ॥ वचनिका ॥ और
एक दास्य भावकी भगति ॥ जे हैं दास जगति ॥ तिनकौं अति
नीकीलगति ॥ जैसैं करी हनुमान सुमति ॥ तैसैं राजा रूपकैं
याही सौंसुरति रति ॥ कवित्त ॥ प्रातउठिआइभाइभरिहरिमंदिरमें
प्रेमपदगाइकैंजगाइछबिछायोहैं ॥ न्हाइकैंन्हवाइतनबसनबनाइग
नभूषनरचाइचोवाचंदनचढायोहैं ॥ नानाभांतिभोगभुगताइघनवी
रादैकैंपाछैंआज्ञापाइकैंमहाप्रसादपायोहैं ॥ दासहनुमानजैसैंआज्ञा
कारीनाथजूसौंरूपभूपऐसैंदासभावदरसायोहैं ॥ ७ ॥ ८६ ॥ स-
ख्यभक्ति ॥ वचनिका ॥ एक भक्ति सखा भावकी ॥ चितहित-
चावकी केवल श्रीनाथही अनुग्रह धरैं ॥ नाहीं सौंसखा भाव करैं ॥
जैसैं अर्जुनसौं कियो ॥ तैसैं राजा रूपसिंहजीकौं श्रीनाथजी अ-
पनौं करि लियो ॥ कवित्त ॥ विविधिविलासनमेंरहासिरहासनमेंगो
पीरसरासनमेंबातनछिपाइकी ॥ गढगिरिघाटनबिषमसमवाटनमेंथि
रचरथाटनमेंनैंकनजुदाइकी ॥ वनघनपुंजनमेंरनजनपुंजनमेंहरिक
रिगुंजनमेंआइकैंसहाइकी ॥ अर्जुनज्यौंनाथजूकौंनिरंतरसंगरहैंरू
पभूपजानीहैंभगतिसखाभावकी ॥ ८ ॥ ८७ ॥ सर्वस्वात्मनिवेदन
भक्ति ॥ वचनिका ॥ और एक भक्ति सर्व स्वात्म निवेदन ॥जातैं
तनमनधन श्रीनारायनहीकौं अरपन ॥ जैसैं राजा वलिकीनौं स-
मर्पन ॥ तैसैं राजारूपसिंहहूकौं यहैं पन ॥ कवित्त ॥ वाहीकेनिमि
त्ततनवाहीकेनिमित्तमनवाहीकेनिमित्तजनरीतिनितप्रतिकी ॥ वेदवि
धिधारनकौंब्रजकेविहारिनकौंधर्मअनुसारिनकौंसंपतिसुभतिकी ॥

सवधनधामकामकामनासमरपनहरिहीकेनामाथितिक्षितिक्षितिपति की ॥ वलिजैसैंनाथजूकेरूपवलिहारिरूपसरवसआतमनिवेदनभगतिकी ॥ ९ ॥ ८८ ॥ दोहा ॥ सुनियैंद्वितियप्रसंगअव, जिंहिंसुनिमनहरषाय ॥ सानुभावतारूपपर, जगमेंदइदरसाय ॥ ८९ ॥ दिल्लीपतिशयाज्यांहको, फिरआयोफ़रमान ॥ भगवतइच्छाधीन व्हैं, कियोवलखप्रस्तान ॥ ९० ॥ जायवलखकौंसरकरी, फेरिदिल्लीशादुहाइ ॥ दिल्लीपतिकेहुकमतैं, रहेतहांजयपाइ ॥ ९१ ॥ तहां रहतवहुदिनभये, प्रभुसौंभयोवियोग ॥ व्हैंअत्यंतवियोगवश, हियउपज्योयहथोग ॥ ९२ ॥ विनतीपदसुबनायनृप, पठयोपत्रीवीच ॥ मुखियाभीतरियानकौं, लिखीनेहरससींच ॥ ९३ ॥ विनतीपदकेपत्रकौं, तुमनिजकरतैंलेहु ॥ समयअनवसरकेमहीं, प्रभुचरननिधरिदेहु ॥ ९४ ॥ रूपनगरकासीदसंग, आयोपत्रसुखेन ॥ मुखियादिकपत्रसुपढ्यो, नृपकौंअतिसुखदेन ॥ ९५ ॥ भयोअनवसर समयजव, विनतीपदकोपत्र ॥ धरयोचरनचोकीनिकट, पदपायोपदछत्र ॥ ९६ ॥ प्रोहितगिरधरकौंप्रभू, वहिनिशिसुपनेमांहि ॥ यहआज्ञाकीनीसुखद, आजबुलायेयांहि ॥ ९७ ॥ आज्ञादिनकीलिखिमिती, भेजजादियेकासीद ॥ दिल्लीपतिहूवाहिदिन, लिखीसीखताकीद ॥ ९८॥ आज्ञाकीअरुसीखकी, मिलीमितीजवएक ॥ रूपसिंहलखिकहिप्रभू, रखीभक्तकीटेक ॥ ९९ ॥ प्रेमावेशविशेष व्हैं, धरिप्रभुकोहियध्यांन ॥ दरमजलैंपहुंचेजलद, रूपनगरनृप आंन ॥ १०० ॥ श्रीजीकेदरशनकिये, कियनोछावरभेट ॥ सेवाकेसुखमेंपगे, मिटीकुसंगकिफेट ॥ १०१ ॥ ॥ छप्पय ॥ जयज

यजनप्रल्हादहेतनरहरिवपुजाता ॥ जयगरुडासनछाडिचलेगज ग्राहगहाता ॥ जयद्रोपदिहितदेरनहींकियचीरबढाता ॥ जयजयश्री कल्यानरायभक्तनिसुखदाता ॥ जयदीक्षितगोपीनाथदइरूपनगर मधियहसुनिधि॥ जयरूपसिंहनरईशकेसकलमनोरथकरनसिधि ॥ ॥ १०२ ॥ महाराजश्रीरूपसिंहजीबनायभेज्योसो पद ॥ प्रभुजुइ हांरहैंकछुनांई ॥ करियैंगवनभवनादिशिअपनैंसुनियेअरजगुसांई ॥ देखीबलखबरफहूदेखीअधमअसुरअवलोके ॥ मध्यमदेशवेषहूमध्य मइहांकहांलैरोके ॥ भक्तवत्सलकरुणामयसुखनिधिकृपाकरोगिर धारी ॥ रूपसिंहप्रभुविरदलजतहैंब्रजलैंबसोबिहारी ॥१०३ ॥ इति श्रीछप्पनभोगचंद्रिकायांपूर्वार्द्धेश्रीकल्यानरायप्रभूणांनिजवार्ता ॥

## अथ श्रीनृत्यगोपालजीकी निज वार्ता ॥

॥ दोहा ॥ अबश्रीनृत्यगुपालको, निजवार्तासुप्रसंग ॥ लिख्यो सुन्यौंदेख्योकहौं, रंगजंगकेसंग ॥ १ ॥ श्रीमन्नृत्यगुपालके, हैं स्वरूपअभिराम ॥ छोटेश्यामसुजानहैं, बडेरुचिरबलिराम ॥ २ ॥ यहस्वरूपदोऊसुखद, कृष्णसिंहमहाराज ॥ पधरायेनिजशीसपैं, कियसेवासबसाज ॥ ३ ॥ पट्टेपरवानेनपर, श्रीगोपालसहाय ॥ कृ ष्णसिंहकेसमयको, अजहूलिखियोपाय ॥ ४ ॥ कृष्णसिंहकेश्रीपि ता, उदयसिंहवरियाम ॥ मोटाराजाजोधपुर, हैंप्रसिद्धइहिंनाम ॥ ॥ ५ ॥ मोटाराजाउदयसिंह, तिनकेबारहपुत्र ॥ बडेसूरसिंहजोध पुर, अरुसबभयेसुपुत्र ॥ ६ ॥ सूरसिंहअरुकृष्णसिंह, भयेसहोदर भ्रात ॥ आसकरनमातामहसु, जोनरवरगढत्रात ॥ ७ ॥ आसकर

नवैष्णवपरम, बल्लभकुलकेदास ॥ वैष्णवप्रतिसुखकररह्यो, जिन-कोसुजसप्रकास ॥ ८ ॥ सोरहसैंअठसठलखो, संवनमाघसुमास ॥ शुक्लपक्षपंचमिवस्यो, कृष्णगछसुखरास ॥ ९ ॥ कृष्णसिंहकेच्यारसुत, सहसमल्लजगमल्ल ॥ भारमल्लहरिसिंहभो, रिपुदलदलनअटल्ल ॥१०॥ श्रीमन्नृत्यगुपालकी, यथापुरातनप्रीति ॥ इनसबहीकेसमयमें, सेवाभइसुखरीति ॥ ११ ॥ सतरैसैंइग्यारहै, संवतलौंइहिंभाय ॥ रूपसिंहजूकेसमय, सेवाभईसुहाय ॥ १२ ॥ श्रीजीकौंजबरूपसिंह, पधरायेनिजशीस ॥ तबइनदोउस्वरूपकौं, पुष्टिकरायेवरीस ॥ १३ ॥ दीक्षितगोपीनाथप्रभु, व्हैकैंअतिसंतुष्ट ॥ स्थापनकियश्रीनाथकी, गोदमांहिकरिपुष्ट ॥ १४ ॥ तवैंकहायेगोदके, ठाकुरनृत्यगुपाल ॥ संगरखेसबठोरमें, रूपसिंहमहिपाल ॥ १५ ॥ दिल्लीपतिकोजबतबैं, हूकमभयोअनूप ॥ दक्षिणवलखबंधारकी, मुहमचढेनृपरूप ॥ १६ ॥ तबतबनृत्यगुपालप्रभु, चलतफोजकेमांहि ॥ राजतपीठगयंदके, अंबावाडीमांहि ॥ १७ ॥ जबैंरहतनिजदेशमें, रूपसिंहमहिपाल ॥ तबश्रीजीकीगोदमें, राजतनृत्यगुपाल ॥ १८ ॥ मानसिंहकेराजअरु, राजसिंहकेराज ॥ यहीरीतनिजदेशमें, रहतगोदकेसाज ॥ १९ ॥ भगवतइच्छाधीनव्है, नृपादिल्लीपतिपास ॥ जहांगयेतहांसंगकिय, नृत्यगुपालप्रवास ॥ २० ॥ जबजबनृत्यगुपालप्रभु, संगरहेपरदेश ॥ बहुवैभवजल्लूससौं, सेवाहोतसुदेश ॥ २१ ॥ रजतहेमकेमहलवर, रहतेंप्रभुकेसंग ॥ तिनमेंसदाविराजते, नृत्यगुपालअनंग ॥ २२ ॥ वहवैभवजल्लूसकी, सुबरनचोकीएक ॥ हाजरहैंअद्यापिलौं, कीजैंनहिंअविवेक ॥ २३ ॥

अठारहसैंऊपरैं, प्राप्तच्यारकीशाल ॥ तबैंगयेदिल्लीशपैं, सांवतसिंहनृपाल ॥ २४ ॥ सांवंतसिंहनरेशको, नामनागरीदास ॥ कविता पदसुप्रबंधमें, सबजगबीचप्रकास॥ २५ ॥ श्रीमन्नृत्यगुपालकौं, पधरायेनिजसंग ॥ प्रतिउछवउछाहसौं, कीनौंबहुरसरंग ॥ २६ ॥ अठारहसैंऊपरैं, संवतनवकेमांह ॥ ब्रजमंडलथलथललख्यो, नागरकरिउच्छाह ॥ २७॥ तहांवृंदावनबीचमें, भूपनागरीदास ॥ वैष्णवपरमशिरोमणिहि, मिलेसंतहरिदास ॥ २८॥ तबैंकहीहरिदासजू, सुनहुनागरीदास ॥ राजकाजतजिहरिभजो, करिवृंदावनवास ॥ ॥ २९ ॥ राजकाजकेसर्वसुख, तेरेराजकुमार ॥ भोगैंगेतुमयहांरहो, करियैंब्रजसुबिहार ॥ ३० ॥ हरिरससांनेबचनसुनि, नागरदृढचितधार ॥ कियवृंदावनवासलिय, भक्ततख्तशिरभार ॥ ३१ ॥ महाराजश्रीनागरीदासजीयाभावकोवासमयमेंआज्ञाकियोसो पद॥ कृष्णकृपागुनजातनगायो ॥ मनहुनपरसकरसकैंसोसुखइनहीदृगनिदिखायो॥गृहव्यौहारभुरटकोभाराशिरपरतैंउतरायो॥नागरियाकौंश्रीवृंदावनभक्ततख्तबैठायो ॥ १ ॥ ३२ ॥ श्रीहरिदासजीकीप्रशंसाका ॥ दोहा—इस्कचिमनमेंमहाराजश्रीनागरीदासजीकह्यासो दोहा ॥ नकलसांचसौंसरसकरि, करिलीनेदिलदस्त ॥ हरीदासके हालमें, दरदिवालभीमस्त ॥ १ ॥ ३३ ॥ इश्कसांगसांचाकिया, दिलकौंदियाछकाय ॥ हरीदाससबकौंगया, चेटकरूपदिखाय ॥ ॥ २ ॥ ३४ ॥ दोहा ॥ जोलौंवृंदाबनवसे, भूपनागरीदास ॥ तोलौं नृत्यगुपालप्रभु, राखेनृपनिजपास ॥ ३५ ॥ सेवतनृत्यगुपालकौं, ब्रजरसकोसुखलेत॥साधतनवधाभक्तिनृप, व्हैकैंपरमसचेत॥३६॥

# अथ महाराज श्रीनागरीदासजीकी नवधाभक्ति वर्ननकी भक्तिपंचाशिका तत्रादौ

## गुरुशरण हरि शरण लक्षणम् ॥

॥ छप्पय ॥ आगमनिगमपुरानप्रमानसुकहतजाहिको ॥ संप्रदायसुप्रसिद्धराजमगलसततााहिको ॥ ताकेव्हैंआचार्यशुद्धकुलमांहिप्रकटपर ॥ भक्तिवानगुनवानज्ञानयुतप्रेमरूपवर ॥ ऐसेगुरुकेचरननकीजबशरनगहैंदृढचित्तकर ॥ हरिशरनभक्तिनवधातवहिसिद्धिकरैंनरसुक्खकर ॥ १ ॥ हरिशरनगुरुशरनउदाहरनमहाराजश्रीनागरीदासजीमें ॥ छप्पय ॥ व्हैंहरिमुखअवतारविदितवल्लभजगजितातित ॥ पुष्टिधर्मकियप्रकठआपपुरुषोत्तमजनहित ॥ श्रीवल्लभअणुभाष्यआदिग्रंथनमधिभाख्यो ॥ नागरनृपमनताहिसंप्रदास्वादसुचाख्यो ॥ सुतदीक्षितगोपीनाथकेप्रभुजीभोतिंहिजोरको ॥ दृढचरनशरननागरगह्योप्रभुजीसुतरनछोरको ॥ २ ॥ श्रवणभक्तिलक्षणं ॥ श्रवणभक्तिहैंमुख्यभक्तिसवतामौंउपजे ॥ श्रवनाकियैंविनअंधमनुजपगकैंसैंरुपजे ॥ करनलगततउवस्तुनामविनसुनिरहिछुपजे ॥ श्रवनकरतहरिसुजसअमितअघजावतधुपजै ॥ त्रिविधितापविध्वंशव्हैसुखपावतप्रेमसमाजको ॥ श्रवनकियैंविनहरिसुजसपशुसींगपूंछविनकाजको ॥ ३ ॥ नवरसमयसवकथाविश्वलौकिकपरलौकिक ॥ जिहिंरसचाहतवहीकरीलीलाहरिलौकिक ॥ अपनीलीलाहेतप्रभूकैसोश्रमकीनौं ॥ मच्छादिकअवतारब्रह्मकइवपुधरिलीनौं ॥ जिहिंइच्छातैंजगतकीयहसृष्टिस्थितिलयहोतहैं ॥ हरिजसाजि

हिंश्रवननकियोतिहिंनरकोसूकरगोतहैं ॥ ४ ॥ असतशास्त्रबकवादच्छाडिभागोतसुनीजै ॥ शुकमुखतैंरसश्रव्योनिगमकोतामेंलीजै ॥ श्रवनकटोरामांहितांहिलहिपानकरीजै ॥ तासौंव्हैंहियअमलतबैंहियहरिदेखीजै ॥ प्रभुकथाश्रवनकेहेतपृथुयाचेश्रवनसुदशसहश ॥ जसश्रवनविनांअनुरागहियहोतननैंनालगनवस ॥ ५ ॥ सुनतभागवतकथातथाअनुसारताहिके ॥कोऊभाषामांहिहोउतिंहिंसुनियचाहिके ॥ सुनतकथारोमांचसजलदृगगदगदवैनां ॥ लोकरीतदविरसानंदमदआवतनैंनां ॥ हरिरूपश्रवनकीछाकतैंछकेरहतहरिजनसुधर ॥ जगसाधुपुरुषऐसैंकहैश्रवनभक्तिकीसिद्धिवर ॥ ६ ॥ श्रवनभक्तिउदाहरनमहाराजश्रीनागरीदासजीमें ॥ छप्पय ॥ सुनिसुबोधिनीसहितभागवतभाष्यश्रवनाकिय ॥ पुष्टिमार्गसिद्धांतसमाझिसुनिसुनिहियभरलिय ॥ आनंदघनहरिदासआदिसंतनवचसुनिसुनि ॥ धमारादिमेंकहीवहैंनाहिंकहीसुशुकमुनि ॥ हरिलीलासुनिप्रेमवसदृगसजलवचनगदगदधरिय ॥ श्रीमन्नृत्यगुपालकीश्रवनभक्तिनागरकरिय ॥ ७ ॥ १ ॥

## अथ कीर्त्तनभक्ति लक्षणम् ॥

छप्पय ॥ करतकीरतनभक्तिभक्तहैभक्तिसुसाधैं । श्रवनभक्तिअरुभक्तिकीरतनसंगआराधैं ॥ करतकीरतनछकतचित्तआनंदअगाधैं कीर्तनकेसुप्रभावकोउभवदुखनहिंबाधैं ॥ च्यारौंयुगमेंमुख्यताशुककहीकीरतनभक्तिकी ॥ पैंकलियुगमेंअतिशयकहीजगउद्धारकशक्तिकी ॥ ८ ॥ नामीश्रीभगवानजीवगिनागिनउद्धारे ॥ नामरटतविनसंख्यजीवभवपारसिधारे ॥ कीर्त्तिनपीछैंसधतसबैंसाधनसु-

खकारी ॥ आगमअगनितसाखिदेतताकीजयभारी ॥ बहुकरतयज्ञ तपबहुबरपतबप्रसन्नकछुहोतहरि ॥ लघुकालभक्तिकीर्त्तनकरतव्हैप्र सन्नसोप्रीतिकरि ॥ ९ ॥ कीर्त्तनमहिमाकहतलहैंनाहिंपारविधाता ॥ देशकालधनपात्रआदिनाहिंयहांचहाता ॥ नरशरीरछिनभंगलखहु भवमहादुरंतर ॥ जहांकीर्तनहोततहांहरिवसतानिरंतर ॥ जयअना यासराजीहुवैंकीर्तनतैंयदुवंशरवि ॥ यहसबलछनसरसव्हैंतिहिंकी र्तनभक्तिसुकहतकवि ॥ १० ॥ कीर्त्तनभक्तिउदाहरनमहाराजश्री नागरीदासजीमें ॥ छप्पय ॥ अखिलविश्वकोरूपनंदनंदनसुखका री ॥ ताकोजन्मविवाहबाललीलारुचिकारी ॥ हासविलाससुरास जासुकेकौतुकभारी ॥ लीलाकुंजनिकुंजप्रेमरसरसेविहारी ॥ तिंहिं सुरनरभाषाआदिमेंपदरचिकेतग्रंथाकिय ॥ यौंनागरनृत्यगुपालकी कीर्तनभक्तिकिसिद्धिलिय ॥ ११ ॥ स्मर्नभक्तिलक्षणं ॥ छप्पय ॥ श्रवनकीरतनभक्तिकोसुफलभक्तिस्मरनहैं ॥ हरिस्मरनकेहोतजा तामिटैत्रिविधिजरनहैं ॥स्मरनकरतहरिगेहकरतअपनौंजनहियकौं॥ कीटभृंगदृष्टांतसमझिसमझावहुजियकौं ॥ ज्यौंविषयसुखनिकौंस्म रनकरिविषयमांहिवैंचितलहैं ॥ त्यौंस्मरनकरतछाकिजाततवस्मरन भक्तिसिद्धिसुवहैं ॥ १२ ॥ स्मर्नभक्तिउदाहरनमहाराजश्रीनागरी दासजीमें ॥ छप्पय ॥ करिकरिनितसतसंगश्रवनहरियशकोकी नौं ॥ ताकोकियकलगांनकाव्यपदवंधप्रवीनौं ॥ वहिरदृष्टिकौंमूंदि वहुरिमनरसतिंहिंभीनौं ॥ पग्योप्रेमहरिस्मरनमांहिज्यौंजलनिधिमी नौं ॥ नितस्मरनकरतस्थलस्थलसकलब्रजलीलाअनुभवताकिय ॥ श्रीमन्नृत्यगुपालकीयौंस्मरनभक्तिनागरछाकिय ॥ १३ ॥ पदसेवन

भक्तिलक्षणं ॥ छप्पय ॥ कहीशास्त्रकेमांहिकरनजोसेवारीतिसु ॥
कीनीवहिविधितबैंदेहफललीनौंजीतिसु ॥ सेवाहितपरब्रह्मकीसुप्र
तिमाकहिशुकमुनि ॥ शिलादारुमणिधातुमृत्तिकाचित्रलेप्यगुनि ॥
अरुमनोमयीकरिअष्टविधिप्रतिमापरमानंदकी ॥ शुचिरसस्वरूप
सुखकंदश्रीनंदनंदब्रजचंदकी ॥ १४ ॥ जैसीव्हैसामर्थ्यकरैंन
रतैसीसेवा ॥ नानाविधिसौंटहलकरतजनजानतभेवा ॥ नितप्रति
सेवाकरतसुखदहरिरूपनिहारैं ॥ सुखअसुवनकीचलैंजबैंनैननितैं
धारैं ॥ जिहिंबढतप्रेमअनुरागातिंहिंसमताकोउनकरिसकैं ॥ अरुट
हलकरतहरिभक्तकीतिंहिंगुनअहिपतिकहिथकैं ॥ १५ ॥ आदिभा
गवतपद्मपुरानसुदेवतसाखी ॥ हरिहरिजनकीटलकीसुनिजमुखयौं
भाखी ॥ मेरोभक्तकहायमोहिजनकोनहिंचेरो ॥ मैंमेरोनाहिलखौंता
हिपुनिरखौंननेरो ॥ हरिहरिजनपदरतिकरतपरमशांतिकौंचितल
हैं ॥ अैसेलच्छनहोततबपदसेवनभक्तिसुकहैं ॥ १६ ॥ पदसेवनभ
क्तिउदाहरनमहाराजश्रीनागरीदासजीमें ॥ छप्पय ॥ वसुविधिप्र
तिमामांहिमनोहररुचिरस्वरूपसु ॥ नृत्यगुपालसुनामललितसबअं
गअनूपसु ॥ दीक्षितगोपीनाथपुष्टकियरूपाविनयधीर ॥ पधरायेक
ल्यानरायकीगोदकृपाकरि ॥ नृपताहिस्वरूपकौंसंगलैंब्रजवृंदाव
नमधिवासिय ॥ सबयथासमयकरिटहलइहिंपदसेवनभक्तिसुकरिय
॥ १७ ॥ शय्यामेंपधरायचरनसेवनमनदेवत ॥ कमलाकौंसुखप्राप्त
वहैंअनुभवसुखलेवत ॥ साधुसंतकीटहलकरतपुनिनिर्मलकरमति ॥
लखिलखिरूपअनूपछाकछबिछाकतछितिपति ॥ मनवचनकर्मसौं

१ इसका अर्थ भेद. २ आठप्रकारकी प्रतिमा पहिलेकही जिनमें.

प्रेमधरिहरिहरिजनकोशरनलिय ॥ श्रीमन्नृत्यगुपालकीयौंपदसेव नभक्तिसुकरिय ॥ १८ ॥ अर्चनभक्तिलक्षणं ॥ छप्पय ॥ सींचत मूलहिहोतपत्रअरुडारहरितमुख ॥ सबजगकेहरिमूलसमझिअर्चेहु व्हैसनमुख ॥ अर्चनविधिआचार्यमार्गकेजोकहिनिजमुख ॥ तिंहिं विधिअर्चनकरतविश्वमधिपावतसबसुख ॥ हरिमायाहरिपैंधरतअ पनीनहिंसमझीनजिंहिं ॥ करतसफलधनतैंसुतनअर्चनभक्तिसुकह ततिंहिं ॥ १९॥ अर्चनभक्तिउदाहरनमहाराजश्रीनागरीदासजीमैं ॥ ॥ छप्पय ॥ स्नानादिकसौंदेहशुद्धिकरिमंदिरअंतर ॥ देयसोहनी आदिसाजसजिसकलसुखंतर ॥ करिमंगलाकरिवायस्नानशृंगार धरंतर ॥ छबिलखिमनवलिहारिलेतरसस्वादनिरंतर ॥ करिधूपदीप धरियतसुनमिराजभोगअर्पनकरत॥ पुनिनीरांजनकरिनेहसौंअनव कासकरिहरिररत ॥ २० ॥ करिउत्थापनधरियभोगकरिसंध्यारा त्तिक ॥ सुखसौंशयनकरायफेरवांचतहरिवार्तिक ॥ तनमनधनकौं भक्तिरीतयौंकरिलियसार्थिक ॥ श्रीवल्लभमुखराचितसुविधिसाधीप रमार्थिक ॥ नृपरूपसिंहज्यौंप्रेमधरिनिजकुलरीतिसुअनुसरिय ॥ नृपनागरनृत्यगुपालकीअर्चनभक्तिसुसिधिकरिय ॥ २१ ॥ ५ ॥ वंदनभक्ति लक्षणम् ॥ छप्पय ॥ प्रभुपदपंकजनमतशीसहीहरिअ पनावत ॥ देनिजभक्तिप्रसंगभक्तशिरभारबढावत ॥ ताहिभारतैंन मतशीसहरिजनजहांपावत ॥ लहैंउच्चपदजितोचढतजलनलज्यौं आवत ॥ दशअश्वमेधसमकहतफलएकबेरवंदतहरिहि ॥ भवबंध कटैंबंदनसटैंवंदनभक्तिसुकहततिंहिं ॥ २२ ॥ बंदनभक्ति उदाहन महाराजश्रीनागरीदासजीमें ॥ छप्पय ॥ प्रातऊठिहरिनामलेयवं

दनकियनितप्रति ॥ पुनिमंदिरमधिजायकरियवंदनप्रभुपदप्रति ॥
जबजबहरिसुधिआतनमततबतबसुखकरिअति ॥ संतनकौंलखि
जहांतहांवंदनाकियवरमति ॥ कियतनमनवचसाष्टांगसौंज्यौंअक्रू
रत्यौंधारिरिजिय ॥ नृपनागरनृत्यगुपालकीवंदनभक्तिसुसिद्धकिय
॥ २३ ॥ दास्यभक्तिलक्षणं ॥ छप्पय ॥ हरिकोव्हैंकैंदासदासके
चिन्हसुधारैं ॥ तुलसीमालाकंठतिलकमधिभालसंवारैं ॥ गोपीचं
दनछापधारहरिप्रेमसुभारैं ॥ विनांचिन्हनहिंचीन्हसकतमनइष्टजु
सारैं ॥ ज्यौंवेश्यासुतकेवापकोबिनांचिन्हनिर्धारनहिं ॥ त्यौंदेखोस
बहिशास्त्रतैंविनांचिन्हनहिंदासकहिं ॥ २४ ॥ जिहिंतनद्वादशति
लकहोयजोअंतसमयमें ॥ वाकौंलखिजमदूतजातडरिव्हैविस्मयमें॥
पुनिप्रभुपदकीप्राप्तिहोयजिहिंअतिसुखमयमें ॥ महिमातिलकप्रभा
वसकैंकहिकोकुवलयमें ॥ जियतिलकमनोहरजानिकैंरामरच्योसि
यभालमधि ॥ सबसंतकहतइहिंभक्तिकौंदास्यभक्तिप्रेमसुअवधि ॥
॥ २५ ॥ दास्यभक्तिउदाहरनमहाराजश्रीनागरीदासजीमें ॥ छ-
प्पय ॥ गौरवरनतनलसतलसतपीतांबरकटिपर ॥ लसतउपरनाकं
धलसतउपवीतसुसुंदर ॥ तुलसीमालालसतकंठलासितिलकभालव
र ॥ कबहुप्रभूपरकरतमोरछ्ललसतालियैंकर ॥ वरचामरढोरतकब
हुकरकबहूपंखीकरलियैं ॥ करलसतआरसीकबहुहरिरूपसुधानाग
रापियैं ॥ २६ ॥ प्रभूप्रसादीपुष्पमालनिजकंठहिधारत ॥ हरिउच्चि
ष्टप्रसादलेयअंगअंगसुपारत ॥ प्रभुअर्पितवसनादिसर्वसौंगांधिपदा
रथ ॥ बिनअर्पनकरिकोउवस्तुधारतनहिंस्वारथ ॥ सतसंगतिपरभा

---

१ पृथ्वी.

वर्तैदासक्रियासजिकैंसुहिय ॥ नागरनृत्यगुपालकीदासभक्तिकीसि द्धिलिय ॥ २७ ॥ ॥ ७ ॥ सख्यभक्तिलक्षणं ॥ छप्पय ॥ कहां जीवकरिसकैंसख्यताप्रभुसौंभाई ॥ पैंकरनौंआवश्यरीतिहरिजनजो गाई ॥ सख्यभक्तिमैंसर्वभक्तिसौंयहअधिकाई ॥ करतसखाहित्त आपयतननितयादवराई ॥ प्रभुग्वालनिकौंकांधैलियैंअर्जुनसौंमित्र त्वलहि ॥ स्मृतिपुराननमैंसकलमुनियहसख्यभक्तिलच्छनसुकहि ॥ ॥ २८ ॥ सख्यभक्तिउदाहरनमहाराजश्रीनागरीदासजीमें ॥ छ- प्पय ॥ लीलाकुंजनिकुंजरहसिरसमनअधिकारी ॥ पदप्रबंधरचि कह्योसखाज्यौंमतिअनुसारी ॥ तिंहिंकबिताकोगानकियोयुगकुंज बिहारी ॥ अर्जुनज्यौंसबठौरकरीअरुरक्षाभारी ॥ नृपरचितग्रंथम धिप्रकटहैंयहप्रभावयहांकछुकहिय ॥ यौंनागरनृत्यगुपालकोसख्य भक्तिकौंसिद्धकिय ॥ २९ ॥ ॥ ८ ॥

## अथ आत्मनिवेदन भक्तिलक्षणम् ॥

॥ छप्पय ॥ तनधनातियसुतगेहआदिसबप्रभुकौंधारैं ॥ अपनौं समझैंकछुनजानिप्रभुकोंरखवारैं ॥ यौंआवश्यकदेहगेहकेकारजसा रैं ॥ हरिसौंविनतीकरिसुद्रव्यबहुअल्पउपारैं ॥ हरिउच्छवादिबहु द्रव्यसौंसबसंमंधहरिअनुसरहिं ॥ परप्रेमछकेहरिजनकहतआत्मनि वेदनभक्तिइहिं ॥ ३० ॥ आत्मनिवेदनभक्तिउदाहरनमहाराजश्री नागरीदासजीमैं ॥ छप्पय ॥ सिंहासनयुवराजदियोपितुराजसिंह जव ॥ उच्छवफागविहारआदिबहुकीनमहातव ॥ पुनिसुतकौंदैरा जवडनकीरीतिकहीसब ॥ यहप्रभुहीकोराजजानिकरियैंअबकरत व ॥ करिवृंदावनकोवासनिजतनधनसर्वसुसफलकिय ॥ यौंनागर

नृत्यगुपालकीआत्मनिवेदनभक्तिलिय ॥ ३१ ॥ ॥ १ ॥ इनन
वधाभक्तिसौंदशमप्रेमप्रकटैयातैंप्रेमवर्णनं ॥ छप्पय ॥ इनतैंउपजैं
भावभक्तिअरुप्रेमभक्तिबर ॥ जिहिंविनआनउपायकियैंवशहोतन
गिरधर ॥ वहैंप्रेमविधितीनकह्योरसलीनसुमुनिवर ॥ लघुअरुमध्य
मकहतप्रेमपूरनअतिसुखकर ॥ जानतहौंकछुनांहितउक्षामिहहुप्रेमी
हरिसुजन ॥ लच्छनइनकेकहतहौंसमझहुचितदैमुदितमन ॥ ३२ ॥
भावभक्तिलक्षणं ॥ छप्पय ॥ कथाकीरतनसुनतलगतअतिनीकी
ताकौं ॥ जगतवातसबलगतसकलविधिफीकीजाकौं ॥ अलिसुगंध
हितजातकथाहितज्यौंजबधावैं ॥ समयजन्यजहांवादहोततवअति
दुखपावैं ॥ पूरनभक्तिप्रभावकोदीपतमहात्म्यअतिहीप्रबल ॥ हरि
गुनलीलारूपकोजबव्हैंप्रकाशहियमेंअचल ॥ ३३ ॥ कोमलव्हैंहि
यभूमिरीझमयवेलिसरसता ॥ कछुरीझतहरिसुजसताहिसौंहोयसर
सता ॥ भावतउत्तमवस्तुतहींहरिसुधिसुवरसता ॥ व्रजवृंदाबनवास
दरशकीबढततरसता ॥ हरिभक्तपृथकतानहिंचहैंओगुनतजिगुनकौं
गहैं ॥ लखिप्रेमभक्तधनधनकहतभावभक्तियाविधिलहैं ॥ ३४ ॥
भावभक्तिउदाहरनमहाराजश्रीनागरीदासजीमें ॥ छप्पय ॥ शिशु
ताअरुयुवराजतासुमाधिहरिचितलायो ॥ वादजानिबकवादकथाकी
र्त्तनमनभायो ॥ राजकाजलखिव्यर्थवासवृंदावनचायो ॥ ओगुनत
जिगुनगहेसंतसबधनधनगायो ॥ उत्तमपदार्थजहांतहांसुलखिहरि
हीकीहियसुधिकरिय ॥ नृपनागरनृत्यगुपालकीभावभक्तियौंहिय
धरिय ॥ ३५ ॥ लघुप्रेमलक्षणम् ॥ छप्पय ॥ छुटतननवधाभक्ति
नेमसबकरतप्रेमयुत ॥ गदगदकंठसुहोयकबहुतनपुलकअश्रुयुत ॥

समयपाययौंहोयबहुरिव्हैंपूरवकोंसुधि ॥ आवतयौंजबप्रेमतबैंजग लज्जायुतबुधि ॥ यहयाहीतैंलघुप्रेमहैंकहतसकलसुज्ञानमुनि ॥ हियकामक्रोधव्हैंआतज्यौंसमयपायव्हैंयहसुपुनि ॥ ३६ ॥ कामादिक ज्यौंमिटैंसमयत्यौंप्रेमसुमिटवत ॥ छोटोयाकौंजानितजतजोजग सौंसिटवत ॥ तनकअग्निज्यौंबढतबहुतबनदहिकैंगिटवत ॥ जलनिधिअंबुफुंहारपवनवशलखितनभिटवत ॥ ज्यौंमहोरमहोरइकअरुबहुतसबैंस्वर्णहीकीसुगुनि ॥ भेदपराक्रमजानिकैंलघुप्रेमकहतइहिंविधिसुमुनि ॥ ३७ ॥ लघुप्रेमउदाहरनमहाराजश्रीनागरीदासजींमें ॥ ॥ छप्पय ॥ नवधासाधतनेमप्रेमकोपंथसुधारयो ॥ रहसिप्रेममयकबहुपुलकितनदृगजलढारयो ॥ राजकाजतिंहिंदियोदावगुरुमुखरखवारयो ॥ समयपायबढिगयोतबहिवहब्रजसुखसारयो ॥ कामक्रोधलोभादिकौंकरिभष्मतहांअविचलरहिय ॥ यौंश्रीनृत्यगुपालकोलघुप्रेमभयोनागरसुहिय ॥ ३८ ॥

## अथ मध्यमप्रेम लक्षणम् ॥

॥ छप्पय ॥ मध्यमप्रेमावेशरूपयौंहरिजनगावत ॥ रूपभावनामांहिरहतदृगछकिछाबेछावत ॥ अधरनमेंमुसिकांनथाकितमुखप्रफुलितमृदुरव ॥ झलमलातदृगनीरपुलकितनहोयमंदगव ॥ अरुचलतजबैंडगमगतपगमनहीमनबातैंकरत ॥ श्रवनादिकसुखभक्तिकोगहिसमयज्ञाननहिंचितधरत ॥ ३९ ॥ श्रवनकीर्तनस्मरनकरत अर्चनजबबंदन ॥ इनपांचनितैंप्रकटिप्रेममादकताफंदन ॥ चढतप्रेमकीछाकतबैंचालतनिजछंदन ॥ व्हैंउन्मादस्वरूपमहाकलिमलदु

---

१ लघुप्रेम. २ निजछंद अर्थात् स्वछंद नहीं चलै ।

खकंदन ॥ कबहुरुदतिनाचतिहसतिकहिवाहवाहराहिजातमुनि ॥ सुंदरमध्यमप्रेमतैंयहलच्छनव्हैमतिधीरगुनि ॥ ४० ॥

## अथ मध्यमप्रेम उदाहरन महाराज श्रीनागरीदासजीमैं

॥ छप्पय ॥ जातिपांतिकुलनेमराजतजिभोब्रजबासी ॥ मोह नमनुमुखजापराधकानामउपासी ॥ करिअनुभवपुनिवर्तमानलीले व्प्रकासी ॥ तिंहिंप्रभावबढिभावलगनकीभईउजासी ॥ हरिरसानं दकीप्राप्तिकौंप्रेमापंथप्रवेशतैं ॥ समयजन्यसबज्ञानकौंजबभूलेप्रेमा वेशतैं ॥ ४१ ॥ अंकुररूपसुभयोप्रेमलघुजबैंहीयमधि ॥ हरिगुनच र्चाकहतसुनतसचारीविधिमधि ॥ आनंदघनहरिदासआदिसौंसंत सभामधि ॥ प्रकटभयेअनुभावसवैंयाकेजुयथावधि ॥ व्रजवृंदावन वासबसिवरभक्ततक्तशोभासुलहि ॥ श्रीमन्नृत्यगुपालकोनृपनाग रमध्यमप्रेमगहि ॥ ४२ ॥

## अथ पूरनप्रेमलक्षणम् ॥

छप्पय ॥ फिरतदुहाईदेहबीचजबनेहनृपतिकी ॥ संचारीगति प्रेमभयोवहस्थाईगतिकी ॥ तनमनजबसुधिविसरजातगतिबहिरट ष्टिकी ॥ ऐसेजनकोदरसहोतहरिसुधावृष्टिकी ॥ परिपूरनप्रेमस्वभा वतैंप्रेमानंदसौंपूरिव्हैं ॥ हियप्रेमजुस्थाइहोतहीनवधानेमसुदूरिव्हैं ॥ ॥ ४३ ॥ जैसेगुडियनखेललगततियकोहियप्यारो ॥ अंकभरतनाहिं भुजनबीचजोलौंपियप्यारो ॥ पियगरवांहींदियैंबढतसुखजगतैंन्या रो ॥ निसिदिनकीसुधिरहतनांहिनाहिंपियहियन्यारो ॥ तियजहां

तहांपियहीलखैंऔरनदरशातप्रेमवश ॥ ज्यौंभाषतकृष्णस्वरूजग हरिजनकेहियप्रेमवश ॥ ४४ ॥ इंहिंविधितैंजबचढतरंगमनकृष्णप्रेमको ॥ कृष्णमईदृगहोतसबैंसुधिगसाप्रेमको ॥ सन्निपाताजिन्हकजुताहिकीदशापात्रको ॥ नैननीरमुखमौंनरहततनकहनमात्रको ॥ पुनिपूरनप्रेमानंदतैंदेहतजतहरिमिलताजिंहिं ॥ लच्छनऐसेमिलतमुनिपूरनप्रेमसुकहतातिंहिं ॥ ४५ ॥

## अथ पूरनप्रेम उदाहरन महाराज श्रीनागरीदासजीमें

॥ छप्पय ॥ गुरुसेवतबहुशास्त्रसुनतनवधाजियजागी ॥ नवधातैंसतसंगभयोतबममताभागी ॥ वृंदावनकेवासप्रेमकीआशालागी ॥ कृष्णमईसबविश्वलखतदृगभयेसभागी ॥ तबऐसेक्रमसौंबढिचलेलैंसुखप्रेमव्रजारको ॥ जबनागरनृपमारगगह्योलीलानित्यविहारको[1] ४६ ॥

## अथ सतसंगति महिमा वर्ननम् ॥

॥ छप्पय ॥ वेदपाठअरुगंगस्नानसो[illegible]रिथसेवन ॥ भूमिपरिक्रमासवदानभूम्यादिकदेवन ॥ [illegible]ादतदअरुमहारमानकैवल्यसुलेवन ॥ जपतमंत्रकौंकरतसविधिधूप[illegible]त खेवन ॥ अरुबहुतकष्टकरितपतपैंजायगरैंहिमशैलमहिं ॥ नरपूर्वकथितसबकरततनुसतसंगतिसमहोतनहिं ॥ ४७ ॥ सतसंगतिमहिमासुआपउद्धवप्रतिभाखी ॥ यहमोकौंवशकरतत्यौंसुविधिआननराखी ॥ व्हैंकुसंगकोनाशअविद्याहूकीखाखी ॥ वहीधन्यजगमांझमधुरतायाकीचाखी ॥ सबजगतदेहसंबंधकेतूटतनातेयाहितैं ॥ दुर्ल्लभतासुखलाभव्हैंयहसबतैंबडीसुता

1 नित्यविहारलीलाकामार्गगह्याअर्थातपरलोकवासीहुये.

हितै ॥ ४८ ॥ अमरअोरगंधर्वदैत्यपुनिराक्षसजैसे ॥ मातुपस्त्रीअरु शूद्रतरेवेश्यागजकैसे ॥ राजसतामसभरेतरेअंत्यजजनवैसे ॥ सत संगतितैंतरेगनेजावतकहिकैसे ॥ अतिदुर्लभप्रभुकीप्राप्तिजोयातैंसुख सौंलहतनर ॥ गोपदसमानसुखमानकैभवसागरकौंजाततर ॥४९॥

## अथ सतसंगति महिमा उदाहरन महाराज श्रीनागरीदासजीमें ।

छप्पय ॥ विप्रनिसौंसुनिवेदभागवतअर्थसुधारयो ॥ हरिदासहि तमानकहीसोहीअनुसारयो ॥ मुरलिदासअरुवंसिदाससौंसमयगु जारयो ॥ आनंदघनकोंसंगकरततनमनकौंवारयो ॥ नर्तितगुपाल मिलिजानयौंसतसंगतिनागरकरिय ॥ गोपदसमानसुखमानकैंभव सागरकौंलहितरिय ॥ ५० ॥ दोहा—कहीभक्तिपंचाशिका, जय कविसमझिप्रसंग ॥ याकेबांचतसुनतहिय, बढहिभक्तकोरंग॥५१॥ श्रीनागरमहाराजके, पूरनप्रकटीभक्ति ॥ ताकेकहिवेहेतनाहिं, मेरी मतिकीशक्ति ॥ ५२ ॥ तउजवानमहाराजजू, दीनीरीतबताय ॥ तैसैंहियाग्रंथमें, दीनीप्रकटजताय ॥ ५३॥ ग्रंथभक्तिमगदीपिका, र च्योनागरीदास॥तिंहिंमतसौंलच्छनकहे, हरिजनकोजयदास॥५४॥ नागरनृपकेरचितहैं, प्रभुयशकेबहुग्रंथ ॥ तिनसौंअनुभवकरियहां, उदाहरनदियग्रंथ ॥ ५५ ॥ प्रेमरूपहीकृष्णहै, कृष्णरूपहीप्रेम ॥ ज्यौंभावैत्यौंहीभजैं, सगुणअगुणविननेम ॥ ५६ ॥ ९२ ॥ इति श्रीछप्पनभोगचंद्रिकायां पूर्वार्द्धे श्रीमन्नृत्यगुपालनिजवार्त्तायां महाराज श्रीनागरीदास देववर्मणा नवधाभक्ति वर्णनं भक्तिपंचा-

शिका ॥ दोहा—अठारहसैंऊपरैं, संवततेरहजान ॥ चैत्रकृष्णतिथि द्वादशी, व्रजतैंकियोप्रयान ॥ ९३ ॥ कुटंबयात्राहेतुनृप, रूपनगर मधिआय ॥ देशकोशसुतभ्रातुको, लीनौंसुखसरसाय ॥ ९४ ॥ तबैंपधारेसंगही, श्रीमन्नृत्यगुपाल ॥ रूपनगरअरुकृष्णगढ, जहांगयेमहिपाल ॥ ९५ ॥ अठारहसैच्यारदश, मासहितियश्रा सोज ॥ शुक्लपक्षएकादशी, फेरधरीव्रजमोज ॥ ९६ ॥ पीछेईहिं दिनगमनकिय, नागरनृपउरधार ॥ श्रीमन्नृत्यगुपालतब, व्रज कौंकियोविहार ॥ ९७ ॥ जबैंश्यामआज्ञाकरी, नृपकौंसुपनेंमांहि॥ लीलानित्यविहारमम, अबदेखहुचितचांहि ॥ ९८ ॥ अठारहसैंबी शइक, तबभादववदितीज ॥ लीलानित्यविहारको, नागरमगगहि रीझ ॥ ९९ ॥ अठारहसैवीशइक, संवत्सरमेंजांन ॥ सोहतनृत्यगु पालप्रभु, फिररूपनगरआंन ॥ १०० ॥ रूपनगरसुपधारिकैं, श्री मन्नृत्यगुपाल ॥ श्रीजीकीवरगोदमें, बैठेरसिकरसाल ॥ १ ॥ तजि श्रीजीकीगोदकौं, श्रीमन्नृत्यगुपाल ॥ नांहिविराजेआजलौं, न्यारे काहूकाल ॥ १०२ ॥ पृथ्वीसिंहनरेशके, पुत्रद्वितीयजवान ॥ ध र्मधीरताकोलसैं, मानौंमूरतिवान ॥ १०३ ॥ राजकुमारजवानके, कलियुगमेंकमनीय॥भगवतइच्छासौंभयो, यहैंमनोरथहीय॥१०४॥ करीअरजअतिगरजकरि, ह्वैंअतिआतुरवान॥ पृथ्वीसिंहनरेशसौं, राजकुमारजवान ॥ ५ ॥ उत्तमगरजीदेखिकैं, प्रभुकीमरजीजान॥ सुनिअरजीहूकमकियो, सुनियैंकुंवरजवान ॥ १०६ ॥ श्रीमन्नृत्य गुपालके, दोऊरुचिरस्वरूप ॥ कृष्णसिंहमहाराजसौं, अपनेशी सअनूप ॥ १०७ ॥ जैसीनिधिश्रीनाथजी, अपनेराजतशीस ॥

तैसीनृत्यगुपालकी, लसतराजकेशीस ॥ १०८ ॥ यहपधरावेयोग नहिं, सुनियैंकुंवरजवान ॥ तदपि तिहारोभावलखि, पधरावैंसुख मान ॥ १०९ ॥ श्रीमतविठ्ठलनाथप्रभु, गोस्वामीगुरुदेव ॥ जवैंप धारैंगेयहां, तवबिनवौंयहभेव¹ ॥ ११० ॥ विनतीसुनिगुरुदेवजव, आज्ञाकरैंबरीश ॥ तब उनकेश्रीहस्तसौं, पधरावैंतुवशीस ॥ १११ ॥ समयआंनऐसोभयो, हरिइच्छाअनुसार ॥ पृथ्वीसिंहनरेशको, भो परलोकविहार ॥ ११२ ॥ इंहिंअवसरमाधिकृष्णगढ, श्रीमतगुरुमहा राज ॥ आपपधारेकरिकृपा, पुष्टिधर्मकेपाज ॥ ११३ ॥ विनतीगु रुमहाराजसौं, कियअग्रजशार्दूल ॥ पूर्वभयोवृत्तांतसब, मालुमकि यसुखमूल ॥ ११४ ॥ श्रीमन्नृत्यगुपालके, कहेजुदोयस्वरूप ॥ छोटेनृत्यगुपालजी, नंदनंदशुचिरूप ॥ ११५ ॥ करिवात्सल्यस्व रूपयह, दियोशीसपधराय ॥ नृपजवानकोचित्तकी, आतुरतामन भाय ॥ ११६ ॥ उगनींसैछत्तीसमें, पोषशुक्लपखजांन ॥ अष्टमिश सिअरुअश्विनी, सिद्धियोगसरसांन ॥ ११७ ॥ शयनसमयश्रीह स्तसौं, गुरुमहाराजाधिराज ॥ श्रीश्रीजीकीगोदसौं, पधरायेजनका ज ॥ ११८ ॥ कृष्णगढ्ढकेदुर्गमें, जीवरखाकेमांहि ॥ महलएकचो खंडिया, चंद्रमहलकेमांहि ॥ ११९ ॥ श्रीमन्नृत्यगुपालकौं, दिये तहांपधराय ॥ उच्छवभोगसमार्पिकैं, अरुअचवनकरिवाय ॥ १२० ॥ टेरोदूरकरायकैं, श्रीविठ्ठलद्विजराय ॥ तिलककियोश्रीहस्तसौं, वीडा वस्त्रधराय ॥ १२१ ॥ शंखझल्लरीघंटअरु, दुंदुभिझांझमृदंग ॥ वा जनलागेअरुभयो, गानवधाईरंग ॥ १२२ ॥ अतिउत्साहउमंगक

---

1 भेद.

रि, पाटोत्सवसरसान ॥ श्रीविट्ठलकीमहरसौं, कीनौंनृपतिजवान ॥ १२३ ॥ कितेदिवसचोखंडिया, महलमांहिगोपाल ॥ नृपजवान शिरकरि कृपा, राजतदीनदयाल ॥ १२४ ॥ श्रीजीकेमंदिरमहीं, हुतोमहलवरएक ॥ तहांपधरावैंयह भयो, नृपकेहृदयविवेक ॥ १२५ ॥ वहीमहलसुधरायकैं, मंदिरयोग्यकराय ॥ श्रीजीकेअतिनिकटसौं मनमेंअतिहरषाय ॥ १२६ ॥ कवित्त ॥ शय्यागृहबनायओरसोई बनाईवेसस्थानजलपानकोपवित्रमनभावनौं ॥ फरसफँवारेहोजकी नेमकरानैंहीकेसुधासौंसवारेस्वच्छसाचेहींढरावनौं ॥ काचकेकिंवार चारुखचितरजतवीचकेतेद्दारबंदकैंरुनूतनकढावनौं ॥ महलकोव न्यौंहैंयोरसिकरसालललालनर्तितगुपालजूकोमंदिरसुहावनौं ॥ १२७ ॥ दोहा—उगनीसैंसैंतीसमैं, भादववदिवरियाम ॥ अष्टमिशनिअरुरो हिणी, हर्षयोगअभिराम ॥ १२८ ॥ यादिननृत्यगुपालकौं, याहि महलकेमांहि ॥ पधरायेअतिप्रीतिसौं, मनमेंवहुतउमांहि ॥ १२९ ॥ वरचोखंडेमहलमें, मंगलभोगधराय ॥ अरुमंदिरकेमहलमें, लिये वेगपधराय ॥ १३० ॥ यहांपंचाम्रृतस्नानके, कियदर्शनजनसर्व ॥ छविलखिनृत्यगुपालकी, मिटतमदनकोगर्व ॥ १३१ ॥ कवित्त ॥ राजैंशीसजूरारूराभालहैंविसालबंकभृकुटीचपलनैनश्रौनछविभा वनी ॥ उन्नतकपोलचारुनाशिकाअधरबीचमुसकिचिबुकग्रीवाअ लकझुकावनी ॥ अंसउपरैंनाउच्चवामकरपीनउरदच्छकरलड्डुवाहैंक टिलचकावनी ॥ पीतपटझुकेउरुनर्तितगुपालजूकीकोटिकाममूर तिसौंसूरतिसुहावनी ॥ १३२ ॥ दोहा—चरननिमैंनूपुरझनक, रणित किंकिनीलंक ॥ करनिकटककंठाभरण, मुखलखिलजितमयंक ॥

॥ १३३ ॥ श्रीमन्नृत्यगुपालको, यावानिककौंदेख ॥ दर्शनचाह भरेनके, लगतननैंनानिमेख ॥ १३४ ॥ दर्शनीनिवोडायकैं, मंगल स्नानकराय ॥ बहुभारीरत्नानिसौं, कियशृंगारबनाय ॥ १३५ ॥ भयेसुदर्शनतिलकके, छायोबहुआनंद ॥ राजभोगकेफिरभये, दर्शनपरमानंद ॥ १३६ ॥ व्हैंउत्थापनभोगअरु, संध्यारार्तिकहोय ॥ शयनआरतीकेभये, दर्शनरससुखजोय ॥ १३७ ॥ भोदर्शनजागरनके, आईनिशिअधरात ॥ तबभोदर्शनजनमके, निजजनमन हुलसात ॥ १३८ ॥ नंदमहोत्सवकोजुसुख, वर्ननाकियोनजाय ॥ नंदरायकेगेहको, सांचोसुखसरसाय ॥ १३९ ॥ पलनैंनृत्यगुपालप्रभु, निजमंदिरमेंझूल ॥ पुनिश्रीजीकीगोदमें, जाकैंपलनैंझूल ॥ ॥ १४० ॥ श्रीजीकेसंगझूलकैं, निजमंदिरहिपधार ॥ करनलगेनितरीतसौं, सेवासुखस्वीकार ॥ १४१ ॥ छप्पय ॥ लखिसुकुमारसुढारपीनतनलजितमीनधुज ॥ चरनकमलरजचंचरीकचितचहतवृषभधुज ॥ ग्वालबालसंगदेखिचांकितचितभयोहंसधुज ॥ प्रकटपुहमिमयपरममित्तपदपायोकपिधुज ॥ कल्यानरायकीगोदकेऐसेनृत्यगुपालबर ॥ जयराजतनित्यसुखेनसौंनृपजवानकेशीसपर ॥ १४२ ॥ दोहा—कितेदिवसपीछैंनृपाले, मंदिरमणिमयकीन ॥ श्रीमन्नृत्यगुपालको, सुनिसुखपातप्रवीन ॥ १४३ ॥ मकरानेकोफरसजहां, शोभितस्वेतविशाल ॥ मनौंसतोगुनरूपधरि, भयोप्रकटछविमाल ॥ १४४ ॥ मकरानेकेकटहरे, शोभितफरसमझार ॥ मनौंसतोगुनकेभये, अंकुरसरसअपार ॥ १४५ ॥ होजफंवारेकोसरस, फरस मझारसुहात ॥ कीनौंमनवतकामतहां, मनुमनमथनिजहात ॥ १४६ ॥

सबैभांतिदर्पनमई, स्वर्णगचितसरसात ॥ शरदचंद्रिकामेंमनौं, दामिनिदुतिदमकात ॥ १४७ ॥ दर्पनकेखंभारुचिर, शोभितहैंइहिंभाय ॥ हरनारदहरिदरशहित, मनुठाढेहरपाय ॥ १४८ ॥ टोडीखंभाअरुगलत, देहलिसिगदलिआदि ॥ बनवाईसबकाचकी, स्वर्णगचीसरसादि ॥ १४९ ॥ लंबाईचौडाइको, जहांकोजितनोमाप ॥ तहांतिहिंआकारवर, गचाकियकाचअमाप ॥ १५० ॥ दर्पनभित्तिनमेंसरस, जितजिततहरिदरसात ॥ मनुभक्तनकेहेतप्रभु, रूपअनेकलखात ॥ १५१ ॥ दर्पनभित्तिनमेंसरस, जिततित्तहरिदरसात ॥ दक्षसुताकोदरशभो, सोलीलालखिजात ॥ १५२ ॥ शोभितहैंतहांरत्नके, जटितझाडबहुभांत ॥ मनुउडगणबहुजुत्थकरि, हरिदरशनहितआत ॥ १५३ ॥ तिनझाडनकेनामअत्र, कहौंसुसुनियैंमित्त ॥ वैभवकोअद्भुतपनौं, व्हैचतुरनकेचित्त ॥ १५४ ॥ जहांसोसनकेझाडमधि, नीलमकेहैंफूल ॥ पत्रकिलंगीडोडियें, पन्नेकीसुखमूल ॥ १५५ ॥ दावदीकेझाडमें, मोतिनकेहैंफूल ॥ पत्रकिलंगीडोडियें, पन्नेकीरसमूल ॥ १५६ ॥ हैनरगसकेझाडमें, पुखराजनकेफूल ॥ पत्रकिलंगीडोडियें, पन्नेकीबहुमूल ॥ १५७ ॥ गुल्लालाकेझाडमें, हैंहीरनकेफूल ॥ ताकेमाणिककीकिरण, सोहततिंहिंअनुकूल ॥ १५८ ॥ डोडीपन्नाकीमहीं, माणककीसुजिवारि ॥ पत्रकिलंगीरुचिरअति, पन्नाकीबहुभारि ॥ १५९ ॥ इनसबझाडनकेलसैं, कंचनकिरणअनूप ॥ लज्जितरविइनओटव्हैं, मनुनिरखतनिहरिरूप ॥ १६० ॥ गुलचकरीकेफूलहैं, पुखराजनकेखास ॥ मनुकृतिकाबहुरूपधरि, आइंब्रजशशिपास ॥ १६१ ॥ नवरत्ननकेझाडवर, शो

भितहैंइहिंवेस ॥ गर्ववैरताजिनवसुग्रह, मनुआयेहरिदेश ॥ १६२ ॥ पन्नाकेतुकमातहां, राजतरुचिरअनंत ॥ अतिलघुसुरसरिनीरमें, पद्मपत्रझलकंत ॥ १६३ ॥ पन्नेकीतखतीमहीं, इश्कहुस्नयेवर्ण ॥ खुदेसुशोभितयौंमनौं, मोहरमन्थकर्ण ॥ १६४ ॥ शोभितवज्राकि किरणविच,वृहतवज्रचोकोर ॥ स्वेतकमलपरमनुउदय, भयोशु ऋकरिजोर ॥ १६५ ॥ दीपकशाखारजतके, भित्तिनमेंसरसाय ॥ मनौंचंद्रिकानिजकरनि, करतवारनांआय ॥ १६६ ॥ निजमंदिर केकाचके, कंचनरजतकिंवार ॥ मनौंमोहवशनरकरन, मायाखडी सम्हार ॥ १६७ ॥ झाडगुलाबकोद्वारपर, विद्रुमरचितसुढार ॥ भ योचांदनिमेंप्रगट, मनुमंगललखिसार ॥ १६८ ॥ चौपाई ॥ स्वर्ण धनुषनिजद्वारसुऊपर ॥ यहअक्षरखुदिरहेतिहिंभूपर ॥ ( नीकेनैन मुसकिछविपाहैं ॥ यहछविशशिमेंकहोकहांहैं ॥ ) याकीउपमाहेत सुमोमति ॥ हेरतहेरतभईसिथिलगति ॥ १६९ ॥ दोहा–दूजेद्वार निकाचके, बहुरंगकेसुकिंवार ॥ मानौंनवरसथिरभये, दर्शनलोभ विचार ॥ १७० ॥ परदेलसतसुतासके, सोनेरीरूपैरि ॥ मानौंदम कतएऋढ्हैं, रविशशिकिरनघनेरि ॥१७१॥ कीनखापकीछातजहां, शोभितयौंरसमूल ॥ मानौंफूलीसांझमें, वरषेसुरतरुफूल ॥१७२॥ मणिमयऐसोहरिभवन, अद्भुतअमलअनूप ॥ पूरनवर्ननकरिसकैं, जोहोवैंअहिभूप ॥ १७३ ॥ जोकोऊयाभवनको, दरशनकरिहैं आय ॥ वहलखिहैंवर्ननकियो, जयकविसत्यबनाय ॥ १७४ ॥ श्रीमन्नृत्यगुपालको, निजवार्तासुप्रसंग ॥ जयकवियहवर्ननाके यो, मनमेंबहुतउमंग ॥ १७५ ॥ इति श्रीछप्पनभोगचंद्रिकायां पूर्वार्द्धे श्रीनृत्यगोपालयोः निजवार्ता ॥

# अथ श्रीमहाप्रभुजीको चित्रविराजैंताकी निजवार्त्ता लिख्यते ॥

॥ दोहा ॥ श्रीलक्ष्मणभटगृहभये, श्रीवल्लभद्विजराज ॥ पनरासैंपैंतीसमें, भक्तउधारनकाज ॥ १ ॥ शाहसिकंदरलोदिभो, दिल्लीपतिवडभाग ॥ प्रभुतासुनिलखिहियभयो, सरसश्रवनअनुराग ॥ २ ॥ भयोश्रवनअनुरागतें, दरशनकोअनुराग ॥ तवदिल्लीपति चितभई, चित्रकरावनलाग ॥ ३ ॥ होनहारनामाहुतो, चतुरमुसव्वरविज्ञ ॥ तवताकौंहुकमदियो, दिल्लीपतिसुअभिज्ञ ॥ ४ ॥ श्रीवल्लभआचार्यको,लाव हुचित्रबनाय ॥ लेउयथार्थमिलायकैं, व्रजमंडलमें जाय ॥ ५ ॥ होनहारकरतारसो, गर्वधारिव्रजजाय ॥ श्रीवल्लभमहाराजके, सुंदरदरशनपाय ॥ ६ ॥ चित्रबनायोचित्तदै, अतिचातुरताधारि ॥ मिल्योकछूनांहींतवैं, फेररच्योचितधार॥७॥ द्वितियचित्रहूनहिंमिलत, होनहारकेचित्त ॥ दिल्लीपतिकोकहरको, प्रकटचोप्रभयअमित्त ॥ ८ ॥ तवश्रीबल्लभराजके, चरनवंदिछलछोर ॥ कीनीविनतीदीनव्हैं, होनहारकरजोर ॥ ९ ॥ दिल्लीपतिकेहुकमतें, हौंआयोब्रजमांहि ॥ लिखनरावरेचित्रकौं, पूरनचिन्हमिलाहि ॥ १० ॥ मोमतिकेअभिमानतैं, कीनेंचित्रसुदोय ॥ कछुनमिलेनिजरूपमें, देखेवहुविधिजोय ॥ ११ ॥ जोनाहिंमिलिहैचित्र तो, दिल्लीपतितकरार॥करिहैंपुनिकरिहैंकहा, कहाजानौंतिहिंवार ॥ १२ ॥ दीनबंधुकरुणाजलधि, श्रीवल्लभद्विजराय ॥ तवकरुणाकरिकैंकही, निजप्रभुतादरशाय ॥ १३ ॥ अवतूचित्रवनायकैं, ले

जावहुधरुधीर ॥ यहवचनामृत सुनिमिटी, होनहारहियपीर ॥ १४॥ पायअनवसरसमयकौं, श्रीजमुनातटधाम॥ कहतभागवतकीकथा, श्रीसुबोधिनीनाम ॥ १५ ॥ तहांभटमाधोदासजू, हाजररहतहमेश ॥ श्रीसुबोधिनीलिखतहैं, शीघ्रसुशुद्धविशेष ॥ १६ ॥ कृष्णदासमेघनजहां, हाजरहैकरजोर ॥ तीनदिवसठाढोरह्यो, पुरुषोत्तमकेजोर ॥ १७ ॥ दामोदरहरषानिजहां, करतदंडवतआय ॥ ग्रीषमऋतुकेसमयमें, ऐसोसमयसुपाय ॥ १८ ॥ पनरासैसडसठलखो, संवतकोअनुमान ॥ संप्रदायकल्पद्रुमसु, पुस्तकमांहिप्रमान॥१९॥ आज्ञालैचित्रसुलिख्यो, अवयवचिन्हमिलाय ॥ प्रभुस्वरूपप्रतिबिंबसौं, लीनौंशीघ्रबनाय ॥ २० ॥ हौनहारयहचित्रकिय, दिल्लीपतिपैंपेस ॥ लोदीसिकंदरतवकही, हौनहारसौंवेस ॥ २१ ॥ हौनहारयहचित्रतुम, क्यौंकरिलियोबनाय ॥ हाथजोरिज़ाहिरकरी, ज्योशिरवीतीआय ॥ २२ ॥ सुनिवृतांतनृपेशलखि, प्रभुहीकोअवतार॥ दृढकरिलीनोंचित्तमें, यहबिचारनिर्धार ॥ २३ ॥ निजचित्रालयमेंयहैं, दियोचित्रधरिवाय॥ दर्शनरुचिजबचित बढैं,तवहीलेतकढाय ॥ २४ ॥ याप्रसंगसौंरूपतिंह, वाकिबथेमनमांहि ॥ यहउपायचितनितकरत, पधरावौंगृहमांहिं ॥ २५ ॥ रूपसिंहकौंयहसमय, प्रापतभयोजिंहिंरीत ॥ सोअवसवहीकहतहौं, सुनियेंअतिकरिप्रीत ॥ २६ ॥ अकवरकेजहांगीरभो, ताकेशाहजिहांन ॥ रूपसिंहपैंमहरकरि, लिखभेज्योफरमान ॥ २७ ॥ जाहुवलखकीमुहमपर, करहुशत्रुकौंचूर ॥ तेरेमुखपैलसतहैं, रजपूतीकोनूर ॥ २८ ॥ हुकमपायपहुंचेवलख, रूपसिंहमहावीर ॥ दिल्लीपतिकीफोजको, सेना-

पतिव्है धीर ॥ २९ ॥ तुपकतीरतरवारसौं, कीनौंअतिघमसान ॥ व लखाधिपकेजंगमें, लीनौंछीननिसान ॥ ३० ॥ बलखाधिपकोंजेरे करि, आयेदिल्लीमांहि ॥ शाहजिहानदिलीशजू, कीनौबहुतसरां हि ॥ ३१ ॥ स्वेतलालरंगकोजुवह, हुतोंपठाननिसान ॥ दिल्लीपति देकैंकह्यो, राखहुयहीनिसान॥३२॥व्हैंप्रसन्ननृपरूपसौं, फरमाइक रिप्पार ॥ जोतेरेमनमेंचहो, लेवहुवहीअवार ॥ ३३ ॥ तबैंरूपनृप अर्जकिय, समयपाययहवेस ॥ अपनौंइष्टविचारकैं, मांग्योयहीन रेश ॥ ३४ ॥ श्रीवल्लभआचार्यको, होनहारकेहाथ ॥ चित्रकरायो प्रीतकर, शाहसिकंदरनाथ ॥ ३५ ॥ वहीचित्रअतिमहरकारि, करि दीजैंवगसीस ॥ यहसुनिकैंदिल्लीशयौं, हूकमकियोवरीस ॥ ३६ ॥ देशकोशकौंछाडिकैं, कहामांग्योवडभूप ॥ रूपसिंहकरजोरितव, कीनीअरजअनूप ॥ ३७॥ परमइष्टहमकोयहैं, सुनहुगरीवनिवाज॥ यातैंवहीसुदीजियैं, भूपनकेशिरताज ॥ ३८ ॥ चित्रालयअध्यक्ष सौं, करिहुकमदिल्लीश ॥ वहीचित्रकढवायकैं, करिदीनोवगसीस॥ ॥ ३९ ॥ फिरदिल्लीपतिहुकमकिय, फिरमांगहुमहाराज ॥ तबैंअर जकीनोसमझि, रूपसिंहनरराज ॥ ४० ॥ सबलसिंहकौंमहरकारि, दीजैंजेसलमेर ॥ यहभाटीअतिख्वीरहैं, अबकरियैंनहिंदेर ॥४१॥ दिल्लीपतिनृपरूपकी, करीअरजमंजूर ॥ तबभाटीसबलेशकैं, व ढयोचोगुनौंनूर ॥ ४२ ॥ रूपसिंहकेतातश्री, भारमल्लमहाराज ॥ तिनकेमातुलकोतनय, सबलसिंहयदुराज ॥ ४३ ॥ हौंनहारकोक हतहौं, अवैंसकलइतिहास ॥ ताकेसुनतहिहोतहैं, चतुरनिचित्तहुला

---

१ इसका अर्थ खराब होरहा है.

स ॥ ४४ ॥ चित्रलिखनकेइलमकौं, सीखसुबुद्धिअथाह ॥ गयोहा जरीदैनकौं, दिल्लीपतिदरगाह ॥ ४४ ॥ दिल्लीपतिसौंअर्जीकिय, लोजैंमोइमत्यान ॥ हजरतजवैंपधारकैं, लैंनलगेसुखमान ॥ ४६ ॥ हौंनहारतवयौंकरी, इकउष्णीशमंगाय ॥ व्हैंनरकौंठाढेकरे, चिल्ला कौंपकराय ॥ ४७ ॥ हौंनहारहयपैंचढ्यो, करमेंलईजुगाल ॥ घो रेकौंरपटायकैं, खैंचोरेखअटाल ॥ ४८ ॥ वहउष्णीसमंगायकैं, हौं नहारकियअर्ज ॥ याकोसूत्रकढायकैं, लखहुरेखकोमर्ज ॥ ४९ ॥ दिल्लीपतिउष्णीषको, देख्योसूत्रकढाय ॥ रेखएकवहिसूत्रपैं, आद अन्तसरसाय ॥ ५० ॥ यागुनकौंलखिकैंबहुत, दियोदानसनमान॥ हौंनहारसुखितादैं, गुनकोकियोवखान ॥ ५१ ॥ छप्पय ॥ श्री-लक्ष्मणभटगेहप्रगटअवतारलिवायो ॥ श्रीवल्लभआचार्यमहाप्रभुनाम कहायो ॥मायावादविखंडभक्तिपथपुष्टिबधायो॥ दैवीजीवउधारहेत यहमार्गबतायो ॥ भटमाधवकृष्णहिदासजूदामोदरकौंकरिसुथिर॥ धरिविग्रहरूपसुचित्रमयजयतिजयतिनृपरूपशिर ॥ ५२ ॥ इति श्रीछप्पनभोगचंद्रिकायां पूर्वार्द्धे पुष्टिपथप्रवर्तक श्रीतैलंगकुलदि-वाकर श्रीवल्लभाचार्य महाप्रभूणां चित्रस्य निजवार्ता ॥

## अथ श्रीसालग्रामजीकी निजवार्ता लिख्यते ।

दोहा—रूपसिंहकेसेव्ययह, सालग्रामस्वरूप ॥ तिनकेदर्शन करतहीं, होतभक्तसुखरूप ॥ १ ॥ कहांकहांदफतरमहीं, इनहीं कोअभिराम ॥ राजसिंहकेसमयमें, लिख्योसुदर्शननाम ॥ २ ॥ अगलेनृपतिपधारते, कारजवशपरदेश॥तबैंसंगरहतेसदा,नृत्यगुपा

१ पाग. २ इमलीका कोइला.

लसुरेश ॥ ३ ॥ श्रीमन्नृत्यगुपालके, गोदमांहिंसुखधाम ॥ नितप्रतिसंगविराजते, यहश्रीसालग्राम ॥४॥ श्रीजीकेसान्निध्यमें, पंचामृतसौंस्नान ॥ जयंतीनमेंहोतहैं, अवलौंइनकौंजान ॥ ५ ॥ छप्पय॥ जयतिगल्लिकामांहिप्रगटपरमानंदराशी ॥ जयतिविष्णुवररूपअमरमुनिजनमनवासी ॥ जयतिश्रौतअरुस्मार्त्तसंततिंहिकरतउपासी ॥ जयतिसंप्रदाच्यारमांहिकारिरहेउजासी ॥ सबकहतवेदमयतीर्थमयसर्वदेवमयजयतिजय ॥ नृपरूपसिंहकेशीशपरजयजयसालग्रामजय ॥ ६ ॥ इति श्रीछप्पनभोगचंद्रिकायां पूर्वार्द्धे श्रीसालग्रामस्वरूप निजवार्ता ॥

## अथ हरिभक्तिगुनप्रशंस गर्भित नृपवंश वर्नन

दोहा—इकस्वरूपश्रीनाथको, नृत्यगोपालकेदोय ॥ चित्रसुमहाप्रभूनको, सालग्रामसुजोय ॥ १ ॥ यहपांचौंनिधिकोकह्यो, निजवार्त्तासुप्रसंग ॥ अबवरनौंनृपवंशकौं, भक्तिरंगकेसंग ॥ २ ॥ महाराज श्रीकृष्णसिंहजीके पुत्र सहसमल्लजी, जगमल्लजी, भारमल्लजी, हरिसिंहजी ॥ कृष्णसिंहमहाराजके, पुत्रसुच्यारहुसिंह ॥ सहस जगमल्लअरु भारमल्लहरिसिंह ॥ ३ ॥ भारमल्लजीके पुत्र रूपसिंहजी ॥ भारमल्लकेपुत्रश्री, रूपसिंहनरनाथ ॥ इनसबकोवर्ननकियो, पांचौंनिधिकेसाथ ॥ ४ ॥ रूपसिंहजीके पुत्र मानसिंहजी ॥ रूपसिंहकेसुतभये, मानसिंहमहाराज ॥ श्रीजीकीसेवाकरी, चितसौंअतिहितसाथ ॥ ५ ॥ सिद्धकरायोस्वर्णको, महलसुअतिअभिराम ॥ तामेंनित्यविराजते, श्रीजीपूरनकाम ॥ ६ ॥ राजभोगनितहीधरयो, स्वर्णपात्रकेमांहि ॥ ऐसेंवैभवसौंकरी, सेवा

मानउमांहि ॥ ७ ॥ अजबकुंवारिकेवचनकौं, सत्यकरनकेकाज ॥ चाह्योग्रामसिवारकौं, तजिब्रजओगिरिराज ॥ ८ ॥ तबऔरंगउ त्पाते श्रीगोवर्धननाथ॥गमनकियमेवाडकौं निजजनकरनसना थ ॥ ९ ॥ नगरखे ॰ वॅटसुबन, आकरपुरअरुग्राम ॥ सरितासरजु पुनीतकिय, जहांतहांकरिमुकाम ॥ १० ॥ मानसिंहमहाराजके, विजयराज्यकेमांहि ॥ कृष्णगढ्ढकेदेशमें, नाथपधारेचाहि ॥ ११ ॥ नाथपधारेदेशमें यहसुनिकैंनृपमान ॥ दर्शनकोंपहुंचेजलद, अग वानोसुखमान ॥ १२ ॥ श्रीगोविंदगोस्वामिकौं । तीकियदंडोत ॥ श्रीगोवर्धननाथके, दर्शनतेंसुखहोत ॥ १३ ॥ गंगाबाईसौंकरी, आ ज्ञाश्रीगोस्वामि ॥ प्रभुसौंविनतीभूपहित, करहुसुदर्शनकामि ॥ १४ गंगासौंसान्निध्यही, आज्ञाकरतेनाथ ॥ तातैंश्रीगोस्वामिप्रभु, कह तेयाकौंगाथ ॥ १५ ॥ विनतीसुनिश्रीनाथजी, आज्ञाकरीरहस्य ॥ भगवदीययहवंशहैं, दर्शनहोयअवश्य ॥ १६ ॥ वसंतपंचमीडोल लौं, फागोत्सवसरसान ॥ करिहहुदिनचालीसलौं, यहांरहिहोसु खमान ॥ १७ ॥ कृष्णढ्ढदक्षिणदिशा, सार्द्धकोशपरस्थान ॥ पी तांबरकीगालमें, तहांविराजेआन ॥ १८ ॥ सवैया ॥ शृंगउतंग सुढंगसुराजतस्वच्छशिलातलहैंबहुठामा ॥ कीरमयूरसुशब्दसमीर सुगंधितसीतलमंदललामा ॥ निर्झरकूपमनोहरहैंजयवृच्छअनेक लसैंअभिरामा ॥ छाईकदंबकुरंबनिसौंसुपहारकिगारपितांबरनामा ॥ १९ ॥ दोहा ॥ पीतांबरकीगारमें, कदंबखंडिकीछांह ॥ श्रीजी दिनचालीशलौं, शोभितभयेसुतांह ॥ २० ॥ श्रीप्रभुजीगोस्वामि गुरु, इनपैंभयेकृपाल ॥ भगवदीयऐसैंभये, जबैंमानमहिपाल ॥

॥ २१ ॥ मानसिंहजीके पुत्र राजसिंहजी ॥ मानसिंहकेपुत्रश्री, राजसिंहमहाराज ॥ तिनकोजयवर्ननकरैं, भक्तिप्रसंगसुसाज ॥ ॥ १ ॥ गोस्वामीरणछोडगुरु, दियोमंत्रउपदेश ॥ भगवदीयवडभागभो, राजसिंहनृपवेस ॥ २ ॥ श्रीमतरायकल्यानकी, कियसेवाचितलाय ॥ मुक्ताअरुहीरानके, भूषणअधिकबनाय ॥ ३ ॥ निजमतिसौंसुंदररच्यो, ग्रंथसुबाहुविलास ॥ रुक्मिणिव्याहचरित्रकोबीरशृंगारकिरास ॥४॥ अरुकीर्तनरसकेभरे, कीनेभेटबनाय ॥ हरिकौंसेवापदनतैं, लीनेबहुतरिझाय ॥ ५ ॥ सेवाकेसुप्रतापतैं, बादश्याहकेपास ॥ मनसबहफतहजारिको, पाकेभयेप्रकाश ॥ ६ ॥ सतरैसैंरुसतंतरैं, बुधअष्टमिसुदिक्वार[1] ॥ दियोमुहम्मदशाहजू, मनसबहफतहजारि ॥ ७ ॥ घाटीजहांकरोलिकी, तहांहुतेमुकाम ॥ राजसिंहमहाराजजू, यहपायोतिहिठाम ॥ ८ ॥ श्रीजीकेसुप्रतापतैं, नागरिदाससुपुत्र ॥ भक्तिवानपायोनृपति, असोकोभयोकुत्र ॥ ॥ ९ ॥ बांकावतसीरानिकौं, व्याहीराजनरेश ॥ पतिव्रतधारीकुलवती, भक्तिवतीअतिवेश ॥ १० ॥ बांकावतमहारानिजू, पायोहरिसंबंध ॥ टीकाकीभागोतकी, भाषाछंदप्रबंध ॥ ११ ॥ भाग्यवानगुनवानअरु, रसिकसुउमरधराज ॥ राजसिंहमहाराजभो, कुलमर्यादजिहाज ॥१२॥ राजसिंहजीके ज्येष्ठ पुत्र सुखसिंहजी ॥ राजसिंहकेपांचसुत, तिनमेंसुखसिंहज्येष्ठ ॥ मनलायोजोगीपनैं[2], तजिसंसारसुखश्रेष्ठ ॥ १ ॥ राजसिंहजीके द्वितीय पुत्र फत्तेसिंहजी ॥ फत्तेसिंहदूजेभये, जंगजैतयुतनीत ॥ गयोकुंवरपरलोक

१ आसोज २ जोगीभये

कौं, गोंडनकीधरजीत ॥१॥ राजसिंहजीके तृतिय पुत्र सावंत सिंहजी ॥ साँवंतसिंहभयेतीसरे, भक्तिवंतगुनवंत ॥ राजकाजयुवराजव्है, कियोप्रजनिसुखवंत ॥ १ ॥ साँवंतसिंहनरेशको नामनागरीदास ॥ कवितापदसुप्रबंधमें, सबजगबीचप्रकाश ॥ २ ॥ गोस्वामीरणछोडगुरु, दियोब्रह्मसंबंध ॥ जिनकोभक्तिप्रभावको, फैलरह्योसुसुगंध ॥३॥ श्रीजीकीसेवाकरी, करिअत्यंतसुप्रीत ॥ रूपनृपतिज्यौंसर्वविधि, पालीकुलकीरीत ॥४॥ श्रीमन्नृत्यगुपालकी, निजवार्त्ताकेमांहि ॥ भक्तिप्रभावसुसर्वविधि, इनकोकह्योसरांहि ॥ ॥ ५ ॥ अरुबृंदावनवासको, ताहिवार्ताबीच ॥ कहीताहिसुनिकैंधुपैं, केतेकलिमलकीच ॥ ६ ॥ सानुभावतादरशदिय, श्रीजीहोयकृपाल ॥ सोअववर्ननेतहौंसुखद, भक्तिचरित्ररसाल ॥७॥ जन्माष्टमिकेदिवसकौं, भोवृतांतसुएक ॥ भक्तनकेमनहोतहैं, ताकेसुनतविवेक ॥ ८ ॥ ब्रजवासीवैष्णवहुतो, तुलारामजिहिंनाम ॥ उपनामजुसखिवावरी, ताकोहोअभिराम ॥ ९ ॥ बहसप्रेमकीर्त्तनकरत, नृत्यतभावबताय ॥ गानबधाईकोकरत, रंगरह्योसरसाय ॥ ॥ १० ॥ जबैंबधाईमांहिइक, तुकआईइहिंभाइ ॥ वडभागीनंददेतहैं, मुंहमांगीठकुराइ ॥ ११ ॥ यातुककेगावतसमय, श्रीजीरीझेपूर ॥ सुमनमालश्रीकंठतैं, परीटूटिकैंदूर ॥ १२ ॥ बैठोअपरसऔटहो, इकभीतरियावृद्ध ॥ वहउठितहांतैंआयकैं, लीउठायस्वतसिद्ध ॥ १३ ॥ तुलारामकौंसवलखत, दइमालापहिराय ॥ ब्रजवासीकेभाग्यको, पारकह्योनहिंजाय ॥ १४ ॥ सेवकवडेबडेनको, ठाढोहोसमुदाय ॥ पैंश्रीजीनिजरीझतेहिं, मालादईदिवाय

॥ १५ ॥ जापदके गावत श्रीजी माला दीनी सो वह यह पद ॥ जसोदेवधाइयां ॥ नंदरानींदेलालऊपनां सीनेहियांसवैजिवाइयां ॥ सोहनियांसवगोपीयांतोघरआइयां ॥ पुत्रजायाजगजीवन रीतैंपैरूलगीवडाइयां॥ तैंडाभागसुलछनीसइयेंत्रभैंघोलिघुमाइयां ॥ अमृतसारजुलध्यानीसइयेपूरियांकितीकमाइयां ॥ साजनचंदारव कीताऐसीफूलियांअंगनमांइयां ॥ खुसीहुयेसुरनरमुनिजनजनुरंकांनिधपाइयां ॥ दूधदहीसिरपावदेनाचंदेग्वालांखेडमचाइयां ॥ वडभागीनंदवहठांदेंदासुंहमांगेठकुराइयां ॥ रामरायप्रभुप्रगटिया भगवानगलांमनभाइयां ॥ १ ॥ दोहा ॥ सावंतसिंहनरेशको, सुनियेंहितियप्रसंग ॥ ताहिसुनतमनमेंवढें, भक्तिरंगकोरंग ॥ १७ ॥ रूपवावरोनंदको, पुनिहोरीकोछैल ॥ यापदकोश्रीजानिकट, होत फागरंगरैल ॥ १८ ॥ पदमाफकशृंगारव्है, ताहिसुजवसत्रठाट ॥ सवैंउपासिकसुनिचलैं, लेवैंरसकौलोट ॥ १९ ॥ करिदर्शनवहुदर्शनी, छकिजाकिजातविशेष ॥ भाविकजनकेमनतहां होवतप्रेमावेश ॥ २० ॥ निजमरजीसौंठाटयह, श्रीजीकियस्वकार ॥ नृपआदिकभक्तनिसबनि, लीनौंहियमधिधार ॥ २१ ॥ रसिकचतुररिझवार जू, कीनोजोस्वीकार ॥ एकवरसनाहींभयो, यापदकोसुप्रकार ॥ २२ ॥ स्वपनेमेंनृपसैंतवैं, कियआज्ञाहैवार ॥ वहीगवावहुपद सरस, जामेंफागविहार ॥२३॥ जापदकौंश्रीजी आज्ञा देकैं गवायो सो वह यह पद ॥ राग ॥ रूपवावरोनंदमहरकोवहुरिबन्यौहोरीकोछैल ॥ रोकतटोकतघूंघटखोलतभरिपिचकारीतकतउरोजानिगो

---

१ अपनौ विभाग । जैसे अमुकने अपनी जमीनका अन्न लाटा ।

कुलरीमाईचलतनगैल ॥ छलसौंमसारिगुलालकपोलनिचितैंरहतप लभूलिनिलजव्हैहियैंभरतजोबनकेफैल॥ छुटीजैंसंधिवैसहचरिसुख मदनमवासरहततनताकेअँगअँगरीझिकटीलीसैल॥१॥२४॥ दोहा— सावंतसिंहनरेशकोसुनियैंतृतियप्रसंग ॥ याहिसुनतमनमैंवढैं, भक्ति रंगकोरंग ॥२॥ हिंडोरनकेदिननमें, जबगावतपदयेह ॥ रमकिरम किझूलनमहों, झमकिसुआयोमेह ॥२६॥ अंबरमधिबाद्दरकहू, जो रंचकनाहिंहोय॥तऊअ.नबरसनलगैं, गराजिसघनघनहोय॥ २७॥ मुकटचंद्रिकाजातझुकि, मुक्तमालउधिरात ॥ श्रीजीकेश्रीअंगकी, शोभावरनिनजात॥२८॥ आनसुपदगावतजबैं, तबबरषारहिजात॥ यहपदगावतव्हैंपरत, बहुबरषासरसात ॥२९॥ सुखियाभीतरियानृ पति, जानगयेमनमांहि ॥ यहपदठाकुररीझिको, यातैंअवश्य गवांहिं ॥ ३० ॥ यहपदजादिनहोतव्हैं, अधिकनोछावरभोग ॥ याउच्छवकेदरशकरि, होतविमोहितलोग ॥ ३१ ॥ जा पदकेगावत वर्षा होय अरु श्रीजीके फैंटा चंद्रिका झुकि जाय श्री अंगकी शोभा अधिक बढै सो वह यह पद ॥राग॥ रमकिरमकि झूलनिमेंझमकिमेहआयोनाहिंसुरझातिवातनितैं ॥ नवपल्लवसंकुलित फूलफलबरनबरनद्रुमलतातरैंझुलवतभयोबचावभयोपातनितैं ॥ मंदमंदझुलावनलागीथंभनिसौंओढैंअंबरजलघातनितैं ॥ कृष्णदा सगिरिधारितऊभीज्योंवागोसारीभौंरनकीभीरभारीटरतनटारी क्योंहूंउपजीछबीलीघटानिजगातनितैं ॥ १ ॥ ३२ ॥ दोहा—सां वंतसिंहनरेशको, सुनियचतुर्थप्रसंग ॥ ताहिसुनतमनहोतहैं, भक्ति रंगकोरंग ॥ ३३ ॥ सतरैंसैंपिच्यासिमैं, माणकचंदकोठारि ॥ अ

तिमरजीको हैंदगो, रच्योकुमतिउरधार ॥ ३४ ॥ याकौंविधिपूर्व कसकल, तवारीखकेमांहि॥देखिलेहुचातुरपुरष, मोपैंक्षमाकराहि ॥ ॥ ३५ ॥ तेजसिंहभाटीकह्यो, ताकोसबवृत्तांत ॥ तबहुकमअै सैंदियो, समझिकुंवरसिद्धांत ॥ ३६ ॥ माणकचंदकेहाथकी, ला हुलिखायकैंफर्द, ॥ तबैंसत्यसबमानिहौं, करिहहुमोहिसुपर्द ॥ ॥ ३७ ॥ कितेदिवसबीतेतबैं, भईज्जुऐसीरीत ॥ लिखिकागदयाकौं दयो, फोजलैंनकीचीत ॥ ३८ ॥ तेजसिंहतबपत्रलैं, गयोरात्रिके वख्त ॥ गयोनगरवाहिरतबैं, यामैंभईज्जुसख्त ॥ ३९ ॥ मारगमेंप गधरततब, मारगसूझतनांहिं ॥ जितदेखैंतितहीदिखैं, श्रीजीरूप हितांहि ॥ ४० ॥ अरुलकुटीसौंमारदैं, दईबुद्धिकौंफेर ॥ समझित त्वपीछोफिरयो, तेजसिंहतिंहिंवेर ॥ ४१ ॥ पत्रलियैंहाजरहुयो, साँवंतसिंहकेपास ॥ सकलभयोवरतावसो, कहिकैंकियोप्रकास ॥ ॥ ४२ ॥ तबमहाराजकुमारश्री, दियहूकमफरमाय ॥ माणकचंद कौंजलदही, लावहुयहांबुलाव ॥ ४३ ॥ वाकेहाजरहोतकछु, लि खिवायोविंहिंपास ॥ यहअक्षरवापत्रके, मिलिगयेएकाहितास ॥ ॥ ४४ ॥ तबैंक्रोधकरिकैंकह्यो, साँवंतसिंहकुमार ॥ यहहरामखोर निसुमिलि, कररह्योधूमअपार ॥ ४५ ॥ तबहीरचिसाँवंतकुंवर, इ कदोहाफरमाय ॥ माणककौंपंचत्वदी, गजकेपायबँधाय ॥ ४६॥ जोजोनरसामिलभये, याकोसलामझार ॥ यथायोग्यतिनकौंदि यौं, दंडनीतिउरधार ॥ ४७ ॥ दिल्लीमधिथेइंहिंसमय, राजासिंहम

---

१ महाराज नागरीदासजी । २ माणकचंदके हाथकी फर्द हमारे सुपर्द करेगा तब तेरी अर्ज सत्य मानी जावेगी. ३ मृत्यु.

